अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित कर रही सरकार...

P7

दैनिक
भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

नौ साल का मनोहर काल, पेपर लीक गिरोह का अमृतकाल ..

P8

वर्ष:1 ■ अंक: 50 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ रविवार ■ 29 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

ग्रुप डी के कर्मचारियों को दिवाली पर मिलेगी 12000 एडवांस की सुविधा

चंडीगढ़: सरकार ने ग्रुप डी कर्मचारियों को सरकार ने राहत देते हुए दीपावली पर उनको सैलरी से 12 हजार रुपए एडवांस देने का फैसला किया है।

हरियाणा सरकार के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी की ओर से जारी ऑर्डर में कहा गया है कि कर्मचारी 8 नवंबर से पहले इसका लाभ उठा सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि कर्मचारी सैलरी एडवांस को इंस्टालमेंट के जरिए चुका सकेंगे।

कजाकिस्तान की खदान में लगी आग में 21 शव बरामद, कई लापता

दशुनबे : कजाकिस्तान की एक खदान में लगी भीषण आग में शनिवार को 21 लोगों का शव बरामद किया जा चुका है। कोस्टेंको खदान में मौजूद 252 लोगों में से 208 को निकाल लिया गया है और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

दोपहर तक करीब 23 लोगों का पता नहीं चल पाया था। बता दें कि यह कंपनी लक्जमबर्ग स्थित इस्पात निर्माता की स्थानीय इकाई, जो खदान का संचालन करती है। कजाख राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायव ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने मंत्रिमंडल को आर्सेलर मित्तल तेमिरताउ के साथ निवेश सहयोग बंद करने का आदेश दिया।

टटियाना टोल प्लाजा होगा बंद

चंडीगढ़। कैथल-पटियाला स्टेट हाइवे पर गांव टटियाना में स्थित टोल प्लाजा एक नवंबर से बंद हो जाएगा। इसके बंद होने से इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को लाभ मिलेगा व उनका समय बचेगा।

विधायक ईश्वर सिंह के अनुसार मुख्यमंत्री के आदेश पारित हो चुके हैं। इस टोल प्लाजा के बंद होने से चीका वासियों और चीका से पंजाब की तरफ आने जाने वाले वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

नई दिल्ली: इस्राइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। केंद्रीय एजेंसियों के विश्वस्त सूत्रों बताते हैं कि पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा हो रही है कि जिस तरह से हमास ने इस्राइल पर हमला किया है, इस ट्रिक का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के आतंकी संगठन, जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कर सकते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही अलर्ट पर हैं। पाकिस्तान के आतंकी कैंपों में हमास के हमले को एक नए आइडिया की तरह देखा जा रहा है।जम्मू-कश्मीर में इस पर उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक हो चुकी है। राज्य से लगते पाकिस्तान के बॉर्डर पर सुरक्षा को और ज्यादा कड़ा किया गया है। ऐसे स्थान जहां से सर्दियों के दौरान घुसपैठ की आशंका रहती है।

सांसद महुआ मोइत्रा की मांग को एथिक्स कमेटी ने नहीं माना, दो नवंबर को पेश होने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने दो नवंबर को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, महुआ ने अपने व्यस्त कार्यक्रमों का हवाला देते हुए और समय की मांग की थी। बता दें कि महुआ मोइत्रा पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पैसे लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया है। इससे पहले, मोइत्रा को संसद की एथिक्स कमेटी ने 31 अक्टूबर को तलब किया था। महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा था- मैं गवाही देने के लिए उत्सकु हूं, लेकिन अपने निर्वाचन क्षेत्र में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की वजह से मैं चार नवंबर तक व्यस्त हूं।

इसलिए मैं कमेटी के सामने पेश होने में असमर्थ हूं।

इससे पहले, गुरुवार को लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने कैश फॉर क्वेरी मामले में वकील जय अनंद देहाद्राई और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान दर्ज किए थे। इस दौरान दुबे ने महुआ मोइत्रा को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।

हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद **पहली प्रेसवार्ता में खुलकर** बोले सैनी

छोटे से छोटे कार्यकर्ता का प्रदेश अध्यक्ष बनना भाजपा में ही संभव : नायब सैनी

प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पहली बार विधायक दल कार्यालय में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने नायब सिंह सैनी का किया जोरदार स्वागत

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि छोटे से छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देना भाजपा में ही संभव है, इसके लिए सदा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का दिल से बहुत-बहुत आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है और भरोसा जताया है उस पर सदा 100 प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन का और अधिक विस्तार करेंगे। सैनी शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार चंडीगढ़ में विधायक दल कार्यालय फ्लैट नंबर-51 में पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने सर्वप्रथम कार्यालय पहुंचकर भगवान वाल्मीकि की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इससे पहले नायब सिंह सैनी प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पहली बार सीएम आवास सन्त कबीर कुटीर भी पर पहुंचे और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आशीर्वाद लिया।

सीएम से लिया आशीर्वाद

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष और सांसद नायब सैनी का चंडीगढ़ में सीएम आवास संत कबीर कुटीर में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सीएम मनोहर लाल ने सैनी को गुलदस्ता और शॉल देकर सम्मानित किया। नायब सैनी ने भी सीएम को गदा भेंट कर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनवाने में हरियाणा की अहम भूमिका रहने वाली है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, मंत्री बनवारी लाल, कमलेश ढांडा भी मौजूद रहीं। सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सरकार के कामों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। जनता भी 2014, 2019 की तरह फिर से भाजपा को सत्ता तक पहुंचाएगी।

धनखड़ ने संगठन को नीचे तक मजबूत किया

पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारा संगठन पन्ना प्रमुख तक मजबूती के साथ काम रहा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने संगठन को नीचे तक मजबूत करने का काम किया है। श्री ओम प्रकाश धनखड़ और कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से इसे और गति देते हुए मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महिला, किसान, व्यापारी तथा गांव व शहर के लिए योजनाएं बनाकर इन साढ़े 9 सालों में देश को बदलने का काम किया है। इसी कड़ी में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जो योजनाएं बनाई हैं, उन्हें जमीन पर उतारने का काम हमारे लाखों कार्यकर्ता एकजुट होकर कर रहे हैं।

लोकसभा की 10 सीट जीतने का लक्ष्य

सैनी ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें इसमें हमारे कार्यकर्ता अहम भूमिका निभाते हुए दस की दस सीटें जीतकर पीएम मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे। कार्यकर्ताओं के दम पर ही हरियाणा में भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। प्रदेश में चल रहे नसंवाद कार्यक्रम पर बोलते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हमारे सांसद, विधायक और मंत्री जनसंवाद के जरिए लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

कांग्रेस पर किया हमला

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष झूठ बोलकर के लोगों को बरगलाने का काम कर रहा है और भ्रम पैदा कर रहा है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने राजस्थान में झूठ बोलकर चुनाव जीता था। राहुल गांधी ने वादा किया था कि शपथ लेने के दस दिनों के अंदर ही किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएग, लेकिन झूठ की नींव पर बनी कांग्रेस सरकार ने कोई कर्जा माफ नहीं किया जिससे तंग आकर लगभग साढ़े चार हजार किसानों ने राजस्थान में आत्महत्या कर ली। कांग्रेस सरकार ने साढ़े19 हजार किसानों की जमीन कूर्क कर दी। सैनी ने कहा कि कांग्रेस व घमंडिया गठबंधन के नेता झूठ बोलते हैं। इस झूठ से जनता को बचाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे ताकि ये लोग झूठ ना फैला सके। कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार को ब ावा मिलता रहा है। इसके उलट भाजपा की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज हित में कार्य कर रहे हैं, नई-नई योजनाएं बनाकर उनका लाभ गरीबों, वंचित तक पहुंचा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 75 विधानसभाओं में पन्ना प्रमुख सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं और जल्द ही बचे हुए पन्ना प्रमुख सम्मेलनों को पूरा कर लिया जाएगा।

घोषणा ही नहीं, सरकार काम भी करती है : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार केवल घोषणा ही नहीं करती काम भी करती है। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को रोजगार मेले के तहत 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला की शुरुआत पिछले साल अक्टूबर में हुई थी और अब तक लाखों युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। आज 50,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं। दिवाली में अभी वक्त है, लेकिन 50,000 नियुक्ति पत्र पाने वालों के परिवारों के लिए यह मौका दिवाली से कम नहीं है। मोदी ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। हमारी सरकार युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मिशन मोड में काम कर रही है। हम न केवल नौकरियां प्रदान कर रहे हैं बल्कि पूरी प्रणाली को पारदर्शी भी बना रहे हैं। हमने न केवल भर्ती प्रक्रिया को सही किया, बल्कि कुछ परीक्षाओं का पुनर्गठन भी किया। कर्मचारी चयन आयोग के भर्ती चक्र में लगने वाला समय अब आधा हो गया है। देश भर से चुने गए ये कर्मचारी गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा, साक्षरता विभाग और मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न विभागों में शामिल होंगे।

51 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी पीएम ने सौंपे नियुक्ति पत्र

केजी से पीजी तक देंगे मुफ्त शिक्षा : राहुल

रायपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रदेश में उन पार्टी की सरकार बनने पर केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगीद्ध वह वह कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल दो दिवसीय दौरे के तहत शनिवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे। वह 28 और 29 अक्तूबर को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही हमारी सरकार बनेगी जो वादे किए हैं उनको पूरा करेंगे। जिस काम को बीजेपी ने कहा था नहीं किया जा सकता उसको दो घंटे में पूरा किया गया। कर्जा माफ किया गया और बिजली बिल हाफ किया गया। उन्होंने कहा कि जनता के साथ बीजेपी अन्याय कर रही है। पहला कदम लिए जाति गणना है , उसके बाद पूरे देश को पता चल जाएगा ओबीसी की जनसंख्या कितनी है। राहुल ने कहा कि प्रेस वाले कभी सवाल नहीं पूछ सकते, उन्होंने मीडिया के लोगों से कहा कि आप सवाल पूछिए मोदी जी आप जाति गणना से क्यो डरते हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस जैसे ही सरकार में आएगी हम जाति गणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों की, मजदूरों की, बेरोजगारों की मदद करती है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता ने केंद्र सरकार की खामियां गिनवाई

गृहमंत्री कोर्ट हैं या जज, अगर घोटाले हुए हैं तो जांच कराएं : दीपेंद्र हुड्डा

भरोसा मित्र, अंबाला

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज पलटवार किया है।कहा कि अनिल विज पहले यह बताएं क्या वह कोई अदालत हैं? या फिर जज? ऐसी कोई जेल नहीं बनी जो उन्हें लोगों की लड़ाई से रोक सके। बता दें कि अनिल विज ने ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भ्रष्टाचार को लेकर हाल ही में बयान दिया था। दीपेंद्र ने कहा कि उनके दादा और परदादा को अंग्रेजों के शासनकाल में काले पानी की सजा हुई। वे आठ साल जेल में रहे, उन्हें नहीं पता था कि देश आजाद होगा या नहीं। वे किसी से डरने वाले नहीं है। ये आज से नहीं, बल्कि पिछले नौ साल से बोल रहे हैं। सरकार में बैठा कोई व्यक्ति ऐसा कैसे बोल सकता है, अगर घोटाले हुए है तो जांच कराएं।

क्या बयान दिया था विज ने

अनिल विज ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला बोला था। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए कहा था कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा रोज नए-नए सब्जबाग दिखाता रहता है। अरे भूपेंद्र सिंह हुड्डा तू सब्जबाग क्या दिखाता है, तू जिंदगी में दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन सकता। तेरे लिए तो मैंने जेल का कमरा तैयार कर रखा है। विज ने कहा था कि तूने अपने कार्यकाल में जितने भ्रष्टाचार किए है, उन सभी में तू जेल जाएगा।

इजराइल ने किया हमास के एयरफोर्स चीफ को मारने का दावा

चीफ ने ही 7 अक्टूबर को उस पर ड्रोन्स-पैराग्लाइडिंग अटैक करवाए थे

तेल अवीव, एजेंसी।

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने हमास की एयरफोर्स के हेड इस्साम अबू रुकबेह को मार गिराया है। उसका आरोप है कि रुकबेह गत 7 अक्टूबर को इजराइल में पैराग्लाइडिंग से हमले के लिए जिम्मेदार था।

इजराइल के टैंकों के साथ गाजा पट्टी में घुसकर हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। इस दौरान उसके सैनिकों की हमास के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। इजराइल के कई सैनिक टैंकों के साथ अभी भी एक ऑपरेशन के तहत गाजा में ही मौजूद हैं। हवाई हमलों के दौरान भी हमास के अंडरग्राउंड ठिकानों को खासतौर पर टारगेट किया जा रहा है। शुक्रवार रात को हमास के ऐसे 150 ठिकानों पर हमले हुए। इसकी वजह से गाजा के इलाके में कम्यूनिकेशन टूट गया है और इंटरनेट बंद हो चुका है। करीब 23 लाख लोग दुनिया से कट चुके हैं।

युद्धविराम का प्रस्ताव, भारत ने नहीं दिया वोट

संयुक्त राष्ट्र की आम सभा में भारतीय समय के अनुसार शुक्रवार रात 2 बजे इजराइल-हमास जंग रोकने का प्रस्ताव लाया गया। इसके पक्ष में 120 वोट डाले गए, वपक्ष में 14 देशों ने वोटिंग की। भारत सहित 45 देशों ने वोट नहीं किया।इजराइल ने दोहराया है कि जब तक हमास का पूरी तरह से खात्मा हो जाए वह चुप नहीं बैठेगा।

युवा को रोजगार से जोड़ना **सरकार का लक्ष्य**

इस वर्ष 60 हजार सरकारी नौकरियां देंगे : सीएम

इनमें से 41 हजार 217 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

भरोसा मित्र, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का लक्ष्य हर युवा को रोजगार से जोड़ने का है, ताकि प्रदेश का कोई भी युवा बेरोजगार न रहे और हरियाणा आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सरकारी नौकरियों को मिशन मैरिट में बदला है। पिछले 9 सालों में युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना खर्ची-पर्ची के 1 लाख 10 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां देकर उनका मनोबल बढ़ाया है। इस वर्ष 60 हजार नौकरियां देने का लक्ष्य है। इनमें से 41 हजार 217 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा, विगत 9 वर्षों में निजी क्षेत्र में भी रोजगार और स्व रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध करवाएं हैं। परिणास्वरूप 47 लाख 40 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 1 लाख रुपये से कम वार्षिक पारिवारिक आय वाले युवाओं से संवाद कर रहे थे। पिछली सरकारों से ज्यादा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हुई सरकारी भर्तियां। पिछली सरकारों से ज्यादा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सरकारी भर्तियां हुई हैं। उन्होंने आंकड़ा साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1999 से 2005 तक हरियाणा लोक सेवा आयोग व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 15,125 भर्तियां की गई थी। 2005 से 2014 तक 86,067 भर्तियां हुई थी। जबकि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दौरान 2014 से 2023 तक कुल 1,14,210 भर्तियां की गई हैं। इतना ही नहीं, युवाओं को नौकरी के लिए बार-बार आवेदन करने व फीस भरने से छुटकारा दिलाने के लिए %एकल पंजीकरण की सुविधा शुरू की है। बार-बार प्रतियोगी परीक्षा से निजात दिलाने के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा का प्रावधान किया गया है। यह भी व्यवस्था की है कि गरीब परिवार भी सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकें। इसके लिए सरकारी नौकरियों में गरीब परिवारों के उम्मीदवारों को 5 अतिरिक्त अंक देने का प्रावधान किया है। यही नहीं, कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों की भर्ती में भी गरीब परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में 2 लाख बेरोजगार युवाओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।



हुड्डा की भर्तियां क्यों रद्द हुईं

मनोहर लाल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के एक बयान का जिक्र करते हुए कहा कि हुड्डा कहते हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल में 35 हजार अध्यापकों की भर्ती की है। उन्होंने नौकरी लगाने का प्रयत्न किया गया होगा, लेकिन उनके सिस्टम इतने खराब थे कि न्यायालय ने भर्तियां रद्द की। कांग्रेस ने गेस्ट टीचर की भर्ती की, लेकिन उन्हें जॉब सिक्योरिटी हमने दी, ताकि रिटायरमेंट तक उनकी नौकरी सुरक्षित रहे। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के उन परिवारों के युवाओं को नौकरियों में प्राथमिकता दी है, जिनको इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। इसके लिए हमने सबसे पहले सबसे गरीब का उत्थान करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि 1 लाख रुपये वार्षिक से कम आय वाले परिवारों के युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से रोजगार दिया जाए। इतना ही नहीं, इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 50 हजार लोगों को अंत्योदय मेलों में मदद मिली है। नौ वर्षों में प्रदेश में 1889 रोजगार मेले लगाए गए। इनमें 1.4 लाख से ज्यादा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार मिला। युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार देने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं।

दिवाली व हरियाणा दिवस पर मनोहर सरकार ने दिया तोहफा

सफाई कर्मचारियों के मानदेय में हजार रुपये की बढ़ौतरी

धुलाई भत्ता व औजारों के लिए भी क्रमशः 1 हजार व 2 हजार रुपये की घोषणा की

भरोसा मित्र, चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शरद पूर्णिमा व भगवान वाल्मीकि की जयंती पर सफाई कर्मियों को दीवाली व हरियाणा दिवस का तौहफा देते हुए, उनके लिए अनेक घोषणाएं की। इनमें शहरी सफाई कर्मियों का 16 हजार रुपये से 17 हजार रुपये मासिक मानदेय, ग्रामीण सफाई कर्मियों का 14हजार रुपये से 15 हजार रुपये मासिक मानदेय किया गया है। साथ ही कस्सी, तसला व अन्य औजार के लिए 2 हजार रुपये वार्षिक तथा धुलाई भत्ता एक हजार रुपये करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सफाई कर्मचारियों की संख्या 6 है वहां 8 की जाएगी और जहां 8 है वहां 10 की जाएगी। शनिवार को पंचकूला के सेक्टर 5 के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर समस्त अनुसूचित जाति समाज द्वारा क्लास वन और टू अधिकारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने के लिए यह घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सब लोग आगे बड़े किसी के साथ भेदभाव ना हो, समान भाव से हम गरीब व अंत्योदय परिवारों के आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति के उत्थान में लगे हुए हैं।

मनोहर लाल ने स्पष्ट किया कि पदोन्नति में आरक्षण जहां विभागीय उच्चतम पदों की संख्या तीन है वहां पर लागू होगी, एक पर नहीं होगी। एसोसिएशन की मांग पर किसी विभाग में जल्द से जल्द यह व्यवस्था आरंभ हो जाए, पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि उन्होंने कल ही इस पर कार्य शुरू कर दिया था और शिक्षा विभाग में पदोन्नति से उपनिदेशक के 6 पद भरे जाने है जो सामान्य श्रेणी में आते है, 3 पर पदोन्नति हो सकती है और 3 खाली है। वरिष्ठता सूची में 11, 12 व 13 तीनों सामान्य वर्ग के है। अनुसूचित जाति के कर्मचारी का वरिष्ठता सूची में पता लगाया तो वह 30वें नंबर पर है। इसको 13 वे स्थान पर 20 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से उपर किया गया है और श्री आत्मा प्रकाश जो अनुसूचित जाति से संबंधित है, को उपनिदेशक के पद पर आज से ही पदोन्नत किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा में मैरिट से आगे बढ़ और इस व्यवस्था में 20 प्रतिशत की बजाय 25 प्रतिशत आये और धीरे-धीरे रोस्टर के हिसाब से पदोन्नति होती रहेगी और आगे इस पॉलिसी की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी।

महर्षि वाल्मीकि के कारण भगवान राम पुरुषोत्तम कहलाए : मनोहर लाल

पिपली के ट्रांसपोर्ट नगर में लगेगी गुरु रविदास की प्रतिमा

मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार की मांग पर जीटी रोड पर पिपली के ट्रांसपोर्ट नगर में गुरु रविदास की 25 फुट प्रतिमा लगाई जाएगी और यह 20 करोड रुपये की लागत से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा बनवाई जाएगी। शेष भूमि में प्रशासनिक ट्रस्ट, छात्रावास व शिक्षण संस्थान खोले जाएंगे। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने हिसार से विनोद चड्ढा, राजेंद्र कुमार व अन्य साथियों द्वारा हिसार में 3 हजार वर्ग मीटर प्लॉट की मांग को तत्काल स्वीकार करते हुए 78 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

सीएम बोले, सामाजिक समरसता ही मेरा मूलमंत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक समरसता ही उनका मूलमंत्र रहा है और वर्ष 2014 से ही हरियाणा एक हरियाणवी एक तथा सबका साथ सबका विकास पर चलकर हमने जन सेवा की है। समाज में गरीब से गरीब व्यक्ति का बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे। नई शिक्षा नीति के अनुरूप 4 हजार आंगनवॉडी को प्ले वे स्कूल बनाया है, जिनका नाम बाल वाटिका रखा गया है, जिनमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे प्री स्कूल शिक्षा ग्रहण करेंगे। यह बाल वाटिका स्कूलों में ही होगी। अगले चरण में 4 हजार और आंगनवॉडियों को बाल वाटिका के रूप में विकसित किया जाएगा।

जिसका हक है, उसे मिलेगा : मनोहर लाल

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि समाज को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिसका हक है, उसे हक मिलेगा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण का लाभ लेने के लिए अनुसूचित जाति के कर्मचारी 1966 से संघर्ष कर रहे थे, उनके इंतजार को खत्म किया गया है। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल जो समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सही मायने में गरीबों, शोषित व वंचित वर्गों के लोगों के सच्चे हितैषी है। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार ने कहा कि वे 25 साल तक विधायक रहे 5 मुख्यमंत्रियों की कार्यशैली उन्होंने देखी है, परंतु इमानदारी की दृष्टता, विचारों की दृष्टता जो मुख्यमंत्री मनोहर लाल में है।

बैंक ऋण गारंटी की ब्याज राशि सरकार देगी

इसके अलावा व्यवसायिक कोर्सों के लिए बैंक ऋण गारंटी की ब्याज राशि का वहन करेगी। ऋण वह उम्मीदवार नौकरी लगने पर आसान किस्तों पर बैंक को लौटा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 साल पहले डॉ. भीम राव अंबेडकर मेधावी छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित जाति का एक विद्यार्थी पायलैट प्रशिक्षण के लिए सरकार से सहायता मांगने आया, उसके लिए 20 लाख रुपये की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान परिवार योजना के तहत 52 हजार परिवारों को स्वरोजगार के लिए बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से 32 हजार युवा ऐसे मिले है, जो स्नातक है, बेरोजगार है और पारिवारिक आय एक लाख रुपये से कम है। इन युवाओं को विशेष शिविरों में बुलाया जाएगा, और उनकी रुचि और पात्रता के हिसाब से उन्हें रोजगार उपलब्ध करवाकर उनकी पारिवारिक आय को ब ाया जाएगा।

खबर फटाफट

महर्षि वाल्मीकि के दिखाए रास्ते पर चलें: महेश

सोहना : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने महर्षि वाल्मीकि को समाजवाद का प्रबल हिमायती और साक्षात परमात्मा बताते हुए कहा कि उनके जीवन के प्रेरक पहलुओं का अनुसरण करके हम खुद के जीवन को सफल बनाने के साथ-साथ नए व बेहतर समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते है। वह शनिवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि उच्च कोटि के समाज सुधारक और महान तपस्वी थे, जिन्होंने अपने निजी स्वार्थों को दरकिनार कर समाज को सुधारने का बीड़ा उठाते हुए सदैव समाज कार्यों को ही सर्वोपरि रखा और समाज के हर वर्ग के लोगों को हमेशा पथभ्रष्ट होने से बचाया। उन्होने महर्षि वाल्मीकि जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने ऊंच-नीच के भेदभाव का विरोध करते हुए समता के सिद्धांत के साथ कर्म करने का रास्ता दिखाया। इस मौके पर उपस्थितों ने महर्षि वाल्मीकिके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

महापुरुष किसी जाति विशेष के नहीं होते : लोहिया

सोहना: भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और उदाका ग्रामपंचायत के सरपंच रहे चौधरी गजराज लोहिया ने कहा है कि महापुरुष किसी एक जाति या धर्म विशेष के नहीं सभी के सांझे होते हैं। महापुरुषों ने हमेशा ही समरसता, भाईचारे और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया है। इसलिए जरूरी है कि हम उनके दिखाए रास्ते पर चलें। लोहिया शनिवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखना चाहिए। दलगत राजनीति और जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर समाज में अच्छे और नेक काम कर अपनी विशिष्ठ पहचान बनानी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि सेठ विजय अग्रवाल तथा लाला सुभाष बंसल रेवासनिया, जेवरात सर्राफा एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ आदि ने उपस्थितों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई दी।

रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : रूपचंद सैनी

सोहना : नगरपरिषद के वार्ड-21 के तहत लगने वाले गांव सोहनाढाणी में शंभू दयाल हाई स्कूल के समीप स्थित हरप्यारी देवी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक में शनिवार को लगाए गए एक दिवसीय रक्तदान शिविर का शुभारंभ वार्ड पार्षद निर्मला सैनी के प्रतिनिधि रूपचंद सैनी तथा शिक्षा समिति उपचेयरमैन व व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाइजर उमेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर डाक्टर बिल्लू, डाक्टर एके निक्कीरंगा, डाक्टर नरेश डागर, मार्केटिंग अधिकारी टिंकू शर्मा, तेजराम, राजाराम, महेश कुमार, नंबरदार जितेन्द्र सैनी, मोहम्मदपुर गांव के नंबरदार दलीप सिंह तथा लाइफलाइन चेरिटेबल ब्लड सेंटर से रक्त संग्रह के लिए आई टीम व आमंत्रित लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए वार्ड पार्षद निर्मला सैनी के प्रतिनिधि रूपचंद सैनी ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। युवाओं के द्वारा किया गया रक्तदान किसी भी जरूरतमंद इंसान की जिंदगी को बचा सकता है। इंसान की खून की एक बूंद भी उसके लिए संजीवनी बूटी का काम करती है। उमेश अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से किसी भी व्यक्ति को कोई पर किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आती बल्कि रक्तदान करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

पीयूष चौहान का हुआ जिला प्रतियोगिता के लिए चयन

सोहना : गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए शनिवार को खंडस्तरीय सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम पब्लिक स्कूल के कक्षा 7वीं के छात्र पीयूष चौहान ने प्रथम स्थान हासिल कर लिया है। इसके बाद पीयूष चौहान का जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हो गया है। विद्यालय के निर्देशक भागीरथ राघव, निर्देशिका विमला राघव, प्रधानाचार्या मंजू जांगिड ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी पीयूष चौहान का जिलास्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर शाबाशी देते हुए हौसलाअफजाई की और कहा कि आज के बच्चे ही कल देश का भविष्य निर्माता होंगे।

गांव रिठौज में पंचायत मंत्री आज सुनेंगे जनसमस्याएं

सोहना : गांव रिठौज में प्रदेश के पंचायती राज मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली रविवार को जजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया के फार्महाउस पर सोहना और तावडू खंडों की सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों, मैंबर पंचायतों, ब्लाक समिति मैंबरों और जिला परिषद सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों की जनसमस्याएं सुनेंगे। जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंधवाड़ी, जजपा युवा के हलका अध्यक्ष दीपक डागर अलीपुरिया तथा जजपा के राज्य प्रवक्ता यशबीर राघव भौंड़सिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस मौके पर बबली गांवों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए खजाने का मुंह खोलने का काम भी करेंगे।

रविवार को भी खुलेगा बाजार

सोहना : व्यापार मंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी का कहना है कि रविवार, 29 अक्टूबर को त्यौहारों के चलते महीने के आखिरी रविवार को भी पूरा बाजार खोले जाने के लिए सर्वसम्मति से एक राय होकर महीने के आखिरी रविवार को भी पूरे बाजार को खुले रखने का फैसला लिया गया है। व्यापार मंडल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित गर्ग, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान बालकिशन गोयल, किरयाणा व्यापारी यूनियन के मौजूदा प्रधान जितेन्द्र मित्तल तथा व्यापारी नेता प्रदीप गर्ग के अनुसार लिए गए फैसले से सभी ट्रेड यूनियनों को अवगत करा दिया गया है। संघ पदाधिकारियों ने दुकान-दुकान आकर व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाया।जन सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है।

पौधारोपण को बढ़ावा देने व प्लास्टिक मुक्ति के लिए अभियान भी छेड़ा गया

शरद पूर्णिमा के महत्व और विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति से कराया अवगत

वर्ष के बारह महीनों में ये पूर्णिमा ऐसी है, जो तन-मन-धन तीनों के लिए सर्वश्रेष्ठ बताई गई है

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शनिवार को शरदपूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा खेड़लिया ने अपने साथियों बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, ब्राहाण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, महिला समाजसेविका अंजलि शर्मा, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, मुकेश शर्मा एडवोकेट व समर्थकों के साथ मिलकर कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया।

उन्होंने और मौजूद लोगों को वृक्षारोपण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण को बढ़ावा देने व प्लास्टिक मुक्ति के लिए अभियान छेड़ दिया है, जिसमें वह पर्यावरण प्रेमियों का भरपूर सहयोग लेंगे। स्थानीय मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा खेड़लिया ने मौजूद जनों को शरद पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि वर्ष के बारह महीनों में ये पूर्णिमा ऐसी है, जो तन-मन-धन तीनों के लिए सर्वश्रेष्ठ होती है।

उन्होंने कहा कि इस पूर्णिमा को चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है तो धन की देवी महालक्ष्मी रात को ये देखने के लिए निकलती हैं कि कौन जाग रहा है और वह अपने कर्मनिष्ठ भक्तों को धन-धान्य से भरपूर करती हैं।

खेड़लिया ने कहा कि शरद पूर्णिमा का एक नाम कोजागरी पूर्णिमा भी है। यानि लक्ष्मी जी पूछती है कि कौन जाग रहा है? अश्विनी महीने की पूर्णिमा को चंद्रमा अश्विनी नक्षत्र में होता है। इसलिए इस महीने का नाम अश्विनी पड़ा है। एक महीने में चंद्रमा जिन 27 नक्षत्रों में भ्रमण करता है, उनमें ये सबसे पहला है और आश्विन नक्षत्र की पूर्णिमा आरोग्य देती है। केवल शरद पूर्णिमा को ही चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से संपूर्ण होता है और पृथ्वी के सबसे ज्यादा निकट भी। चंद्रमा की किरणों से इस पूर्णिमा को अमृत बरसता है। आयुर्वेदाचार्य वर्ष भर इस पूर्णिमा की प्रतीक्षा करते हैं। जीवनदायिनी रोगनाशक जड़ी-बूटियों को वह शरद पूर्णिमा की चांदनी में रखते हैं। अमृत से नहाई इन जड़ी-बूटियों से जब दवा बनायी जाती है तो वह रोगी के ऊपर तुंरत असर करती है। चंद्रमा को वेद-पुराणों में मन के समान माना गया है। वायु पुराण में चंद्रमा को जल का कारक बताया गया है। प्राचीन ग्रंथों में चंद्रमा को औषधीश यानी औषधियों का स्वामी कहा गया है।

खेड़लिया ने बताया कि ब्रह्मपुराण के अनुसार सोम या चंद्रमा से जो सुधामय तेज पृथ्वी पर गिरता है, उसी से औषधियों की उत्पत्ति हुई और जब औषधि 16 कला संपूर्ण हो तो अनुमान लगाइए उस दिन औषधियों को कितना बल मिलेगा। शरद पूर्णिमा की शीतल चांदनी में रखी खीर खाने से शरीर के सभी रोग दूर होते हैं। ज्येष्ठ, आषाढ़, सावन और भाद्रपद मास में शरीर में पित्त का जो संचय हो जाता है, शरद पूर्णिमा की शीतल धवल चांदनी में रखी खीर खाने से पित्त बाहर निकलता है लेकिन इस खीर को एक विशेष विधि से बनाया जाता है। पूरी रात चांद की चांदनी में रखने के बाद सुबह खाली पेट यह खीर खाने से सभी रोग दूर होते हैं, शरीर निरोगी होता है।

क्या करते हैं अन्य राज्यों के लोग

उन्होंने बताया कि गुजरात में शरद पूर्णिमा को लोग रास रचाते हैं और गरबा खेलते हैं। मणिपुर में भी श्रीकृष्ण भक्त रास रचाते हैं। पश्चिमबंगाल और ओडिशा में शरद पूर्णिमा की रात को महालक्ष्मी की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस पूर्णिमा को जो महालक्ष्मी का पूजन करते हैं और रात भर जागते हैं, उनकी सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। ओडिशा में शरद पूर्णिमा को कुमार पूर्णिमा के नाम से मनाया जाता है। आदिदेव महादेव और देवी पार्वती के पुत्र कार्तिकेय का जन्म इसी पूर्णिमा को हुआ था। गौर वर्ण, आकर्षक, सुंदर कार्तिकेय की पूजा कुंवारी लड़कियां उनके जैसा पति पाने के लिए करती है। शरद पूर्णिमा ऐसे महीने में आती है, जब वर्षा ऋतु अंतिम समय पर होती है। शरद ऋतु अपने बाल्यकाल में होती है और हेमंत ऋतु आरंभ हो चुकी होती है और इसी पूर्णिमा से कार्तिक स्नान प्रारंभ हो जाता है।

संघ ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव व वाल्मीकी जयंती महोत्सव

संगठित होकर अलगाववादी ताकतों व तुष्टीकरण की नीति का मुंहतोड़ जवाब देने पर जोर

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा यहां पर शनिवार को शरद पूर्णिमा उत्सव व महर्षि वाल्मीकी जयंती महोत्सव स्थानीय स्टेडियम मैदान में बहुत ही हर्षोल्लास, धूमधाम के साथ मनाया गया।

उत्सव में आरएसएस से जुड़े प्रौढ़, तरुण और युवा स्वयंसेवकों के साथ-साथ सेवा भारती, विद्यार्थी परिषद, भाजपा मजदूर संघ, किसान संघ, दुर्गावाहिनी, बजरंग दल आदि विभिन्न समाजसेवी व रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने वाले संगठनों से जुड़े स्वयंसेवकों ने खासी तादाद में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता रूप में संघ से जुड़े विभिन्न वक्ताओं ने बोलते हुए पवित्र ग्रंथ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें महर्षि वाल्मीकी के ओजस्वी जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामायण हमें कर्तव्य का बोध कराती है। रामायण का प्रत्येक पात्र हमें कोई ना कोई सीख और प्रेरणा देता है।

उन्होंने देश के मौजूदा हालातों पर चिंता जताते हुए कहा कि हम सभी को वर्गवाद, क्षेत्रवाद, जातपात जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठना चाहिए और संगठित होकर अलगाववादी ताकतों व तुष्टीकरण की नीति का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वक्ताओं ने उपस्थितों से छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, राजगुरू, सुखदेव सिंह, सुभाष चन्द्र बोस, झांसी की रानी, तात्या टोपे, मंगल पांडे जैसे बलिदानियों, क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कहा गया कि इसके साथ-साथ नर सेवा को ही नारायण सेवा मानकर समाज में जरूरतमंद लोगों, गरीबों, अपाहिजों, बेसहारा, दीन-दुखियों की इमदाद करने व सामाजिक, रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रहने का आह्वान भी किया।

24 गांवों के लोगों ने लिया भाग

उन्होंने शरद पूर्णिमा के महत्व से भी उपस्थितों को अवगत कराया। इसके अलावा आज गांव खेड़ाखलीलपुर में भी शरद पूर्णिमा उत्सव व महर्षि वाल्मीकी जयंती महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास लगते 24 गांवों से आए आमंत्रित लोगों, ग्रामीणों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उत्सव में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बनता था। उत्सव के समापन पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

भोंडसी के गीतानंद आश्रम में हुआ विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व मानव जाति के कल्याण की मंगलकामना की गई

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। गांव भौंड़सी स्थित ब्रहर्षि गीतानंद तपोवन आश्रम में बाबा गीतानंद के पौत्र शिष्य स्वामी जयानंद महाराज के अनुसार स्वामी परमानंद महाराज के सानिध्य में शरद पूर्णिमा के उत्सव और सतगुरू देव ब्रह्मचारी बाबा और सुखानंद महाराज की स्मृति में शनिवार को विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हुआ।

लोगों ने इस महायज्ञ में शामिल होकर विश्व शांति, पर्यावरण की शुद्धता, इंद्रदेव की कृपा पाने, उत्तम स्वास्थ्य, सामाजिक भाईचारा और राष्ट्र रक्षा जैसे जटिल विषय पर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए व मानव जाति के कल्याण की मंगलकामना की गई।

पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने विधिपूर्वक महायज्ञ सम्पन्न कराया।यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राघवानंद बाबा, अमरदीप राघव, आचार्य शिवदत्त शास्त्री, भौंड़सी ग्रामपंचायत मैंबर रहे रामकिशन राघव, ब्लॉकसमिति उपचेयरमैन रहे राजेश राघव भौंड़सिया, नंबरदार भागीरथ राघव, अलीपुर की महिला सरपंच पूनम डागर, दीपक डागर अलीपुरिया, मैंबर पंचायत लोकेश राघव, पूर्व सरपंच राजकपूर सिंह, चौधरी धर्मबीर अलीपुरिया, बब्बर सैनी तावडिया, पूर्व तहसीलदार संतलाल, कमल हरियाहेडा, अग्रवाल सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, युवा समाजसेवी सोनू सैनी, आदि प्रमुखजनों समेत विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि वेदों ने यज्ञ को सबसे पुनीत कार्य कहा है। यह मानव जीवन को सफल बनाने के लिए सबसे आधारभूत व्यवस्था है। इसके कुछ भाग विशुद्ध आध्यात्मिक हैं। अग्नि पवित्र है और जहां यज्ञ होता है, वहां का सारा वातावरण शुद्ध, पवित्र एवं देवमय हो जाता है।

वार्डों में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप डालने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू

सोहना: स्टेडियम मैंबर अनिल जैन तथा भाजपा युवा मोर्चा के सोहना प्रभारी जितेन्द्र राणा और युवा समाजसेवी कुंवर महेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि शहर के वार्ड-14 व 15 में पेयजल की समस्या को जल्द दूर कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए स्थानीय विधायक संजय सिंह ने वार्ड-14 व 15 में नहरी पानी आपूर्ति के लिए डाली जाने वाली पाइपलाइन के लिए खोदे गए रास्तों से लोगों को हो रही परेशानियों के दृष्टिगत शनिवार से नहरी पानी आपूर्ति के लिए मोटी पाइपलाइन डलवाने का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू करा दिया है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा 2 बूस्टर स्टेशन जल्द ही मोहल्ला भूरपाड़ा और बांध कॉलोनी में 3 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाएंगे ताकि लोगों को प्रतिदिन नियमित रूप में भरपूर पानी मिल सकेगा। उम्मीद जताई कि यह कार्य तय समय सीमा में पूरा होगा।

वन्य जीवों के लिए सुरक्षित बनेगी अरावली

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। अरावली पहाड़ी फिर से वन्य जीवों के लिए सुरक्षित दुर्ग होगी। इसके लिए अरावली से होकर जितनी भी सड़कें गुजरती है, सभी में पुलिया यानि वाइल्ड लाइफ कारिडोर का प्रावधान होगा। वाइल्ड लाइफ कारिडोर का प्रावधान होने से वन्य जीव सड़क पार नहीं करेंगे। वन्य जीव पुलिया से होकर दूसरे इलाके में विचरण करेंगे।

इससे वन्य जीव सड़क हादसे का शिकार नही होंगे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान कई वन्य जीव सड़क हादसों का शिकार हो चुके हैं। इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने बताया कि चार वन्य जीव केवल मानेसर घाटी में यानि दिल्ली-जयपुर हाईवे को पार करने के दौरान ही वाहनों की चपेट में आने से मौत का शिकार हो चुके हैं। एक वन्य जीव की मौत सोहना-गुरूग्राम हाईवे और एक वन्य जीव की मौत गुरूग्राम-फरीदाबाद सडे मार्ग पर तथा एक वन्य जीव की मौत सोहना के गांव दमदमा में हो चुकी है। इनके अलावा भी कई वन्य जीव वक्त-वक्त पर अरावली में मृत मिले हैं। उन्हे चोट लगी थी।

अरावली पहाड़ी क्षेत्र में आगे से जो भी सड़कें बनाई जाएगी, उनके पुलिया का प्रावधान शुरू से ही होगा। जब तक योजना में पुलिया का प्रावधान नही होगा, तब तक वन विभाग एनओसी नहीं देगा। इससे संबंधित विभागों के ऊपर पुलिया बनाने का दबाव रहेगा।

जहां पर पुलिया का निर्माण होगा, वहां ऊपर 500 मीटर तक सडे के दोनों तरफ जाली लगा दी जाती है ताकि वन्य जीव पुलिया से ही होकर निकल सके। मानेसर घाटी में दोनों तरफ जाली लगाई गई है। तब से वन्य जीवों के हाईवे पार करने का मामला सामने नहीं आया है। पूरी अरावली में ही वन्य जीव हैं, लेकिन जिन इलाकों में घनी हरियाली है, उनमें अधिकतर वन्य जीव रहते हैं।

मानेसर घाटी में भी किया प्रावधान

जैन ने बताया कि मानेसर घाटी में पुलिया का प्रावधान किया जा चुका है। गुरूग्राम-फरीदाबाद सड़क मार्ग पर भी पुलिया का प्रावधान किया जा चुका है। अब अरावली पहाड़ी से गुजरने वाली सभी सड़कों में भी पुलिया का प्रावधान किया जाएगा ताकि कहीं से भी सड़क पार करने के दौरान वन्य जीव वाहनों की चपेट में ना आएं। इसके लिए पहले सर्वे किया जाएगा। सर्वे से पता किया जाएगा कि वे किस-किस जगह से वन्य जीव सड़क पार करते हैं। सर्वे करने के बाद संबंधित विभाग को पुलिया बनाने का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

विधायक संजय सिंह ने 5 गांवों में किया जनसंवाद, समस्याएं सुनी

केंद्र व प्रदेश सरकार की चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों से जनता को अवगत कराया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर, भाजपा नेता चौधरी सहीराम तंवर, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर के अनुसार सोहना हलका से भाजपा विधायक संजय सिंह ने शनिवार को यहां पर 5 गांवों अलावलपुर, बारोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावली में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।

संजय सिंह ने उपरोक्त गांवों के ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया। जनसंवाद के दौरान बुढापा पेंशन, बीपीएल राशनकार्ड बनाए जाने, फसल बीमा जैसी सुविधाएं लोगों को घर बैठे मिलने का दावा करते हुए भाजपा विधायक संजय सिंह ने कहा कि अब लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नही काटने पड़ते। आयुष्मान भारत योजना में जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही है। उपरोक्त पांचों गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान ग्रामपंचायतों और मौजूद ग्रामीणों ने बिजली-पानी, सार्वजनिक रास्तों का निर्माण करवाने, डिजिटल पुस्तकालय, खेलस्टेडियम बनवाने, नहरी पानी उपलब्ध करवाए जाने जैसी मांगें रखी। विधायक ने मौजूद अधिकारियों को विकास कार्यों के इस्टीमेट तैयार कर चंडीगढ़ भिजवाने के निर्देश दिए।

सैनी समाज ने दी कन्हैया सैनी को भावभीनी श्रद्धांजलि

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। चुंगी एक के समीप लक्ष्मी मोड पर सैनी समाज की बैठक समाज के प्रमुख समाजसेवी चौधरी दयाराम सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद लोगों ने कन्हैया सैनी अजरोंदिया के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके समाज में किए गए नेक कार्यों को याद किया।

बैठक में नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद कपिल सैनी, पूर्व नगरपार्षद बालूराम सैनी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, सुखदेव सैनी, दुर्गाप्रसाद सैनी, रमेश चंद्र सैनी, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे व व्यापारमंडल संघ के चीफ एडवाइजर उमेश अग्रवाल, डाक्टर भारत सिंह सैनी, नारायण सैनी, रूपचंद सैनी, नंबरदार नारायण सिंह, नगरपार्षद कपिल सैनी, गांव बादशाहपुर से आए गौरव सैनी, प्रेम सैनी, विकास बैसिया, गांव बैसी से आए सैनी सभा के प्रधान चौधरी लक्ष्मण सैनी, अमित सैनी, हरिचंद्र सैनी, डेविड सैनी, हरविंदर सैनी, तेजपाल सैनी, धनपत सैनी, रवि सैनी, दीवान चंद सैनी, गुलाब सैनी समेत आमंत्रित लोगों ने कन्हैया सैनी अजरोंदिया को 2 मिनट का मौन रखा।

समाजसेविका बर्फी देवी अंबावता का निधन

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। गांव बैरमपुर में रहने वाले चौधरी बदलेराम अंबावता की धर्मपत्नी और महिला समाजसेविका 78 वर्षीय बर्फी देवी का निधन हो गया है।

उनके निधन पर केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश के शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर, हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी, भाजपा विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट, भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह छोकर, भाजपा विधायक दीपक मंगला, जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी अनंतराम तंवर, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर रामगढ़ ने शोक व्यक्त किया।

साथ ही,जजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया, भाजपा के पूर्व विधायक चौधरी तेजपाल तंवर, झिरका फिरोजपुर से भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन, जिला परिषद उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर सिलानिया, जिलापार्षद कैलाशवती तंवर, जिलापार्षद पुष्पा खटाना, भाजपा नेता योगेश तंवर, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर, नयागांव ग्रामपंचायत सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, भाजपा की जिलाध्यक्षा गार्गी कक्कड, सोहना व्यापारमंडल संघ के चीफ एडवाइजर और अग्रवाल सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, भाजपा नेता कमल सिंह छाबड़ी, सोहना नगरपरिषद प्रमुख अंजू देवी, भाजपा नेता लेखराज, भाजपा के सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज बजरंगी, भाजपा नेता व पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, भाजपा के भौंड़सी मंडल के महामंत्री देविन्द्र प्रधान, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट, व्यापार मंडल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित गर्ग, नरेश सैनी एडवोकेट, सोहना नगर परिषद में वार्ड-चार से नगर पार्षद नितिन यादव बालूदिया, गुरूचरण सिंह आदि ने भी शोक जताया।

असुविधा दिल्ली रेफर किए गए कई मरीज रास्ते में ही तोड़ देते हैं दम

नागरिक अस्पताल में नहीं है बर्न वार्ड की सुविधा

मात्र 2 ही बिस्तरों वाला बर्न वार्ड अस्थाई रूप में बनाया गया है यहां

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना के एनसीआर क्षेत्र का प्रमुख स्थान होने और मेवात का प्रवेश द्वार तथा साइबर सिटी से जुड़े होने के बावजूद यहां के उपमंडलस्तरीय नागरिक अस्पताल में बर्न वार्ड की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

बता दें कि हलके की आबादी करीब 3 लाख है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि गंभीर रूप से आग से जले हुए मरीज को नागरिक अस्पताल में लाया जाए तो उसका इलाज कैसे होगा और जितनी देर में मरीज को यहां से जिला अस्पताल अथवा फरीदाबाद तक ले जाया जाएगा, इतनी देर में तो उसकी जान पर ही बन आएगी।

देखा जाए तो जिला स्तर पर नागरिक अस्पताल में 6 बिस्तरों का बर्न वार्ड था, लेकिन अस्पताल भवन की इमारत जर्जर होने से इसे बंद कर दिया और अब सेक्टर दस वाले नागरिक अस्पताल में मात्र 2 ही बिस्तरों वाला बर्न वार्ड अस्थाई रूप में बनाया गया है।

इससे जाहिर है कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सुविधाएं और ज्यादा उपलब्ध कराने की बजाय घटा दी गई है। ऐसे में शहर सोहना के नागरिक अस्पताल में बर्न वार्ड की सुविधा ना होने से जरूरत के वक्त रोगियों की जान पर बन जाती है, लेकिन इस तरफ शासन-प्रशासन कोई ध्यान नही दे पा रहा है।

सोहना समेत जिले भर में करीब 30 लाख की आबादी पर छोटे-बड़े मिलाकर कुल 41 सरकारी असपताल है। कमाल की बात ये है कि एक भी सरकारी अस्पताल में बर्न वार्ड नहीं है। नतीजा ये है कि बीस प्रतिशत से ऊपर आग में झुलसे मरीजों को दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया जाता है। सोहना से दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल पहुंचने में ढाई से 3 घंटे का वक्त लगता है। ऐसे में कुछ मरीज तो रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। सरकारी अस्पताल के आंकड़ों पर नजर डाले तो किसी बड़ी घटना को छोड़ दिया, तब भी हर साल सैकड़ों से ज्यादा जले हुए मरीज इलाज कराने पहुंचते है, लेकिन उनके लिए अलग से बर्न वार्ड नही बनाया गया है जबकि जले हुए मरीजों के लिए विशेष व्यवस्था की जरूरत होती है क्योंकि उनको इंफेक्शन का खतरा ज्यादा होता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लागू नियमों के मुताबिक बर्न यूनिट में रोगियों के लिए आईसोलेटेड बैड, स्पेशल टायलेट-बाथरूम, किचन, कपड़े धुलने के लिए लाउंड्री आदि की व्यवस्था अनिवार्य है। इतना ही नही बर्न वार्ड पूरी तरह वातानुकूलित होते है। अलग से डाक्टर व नर्सिंग स्टाफ की सुविधा भी बर्न वार्ड में दाखिल मरीजों के लिए मुहैया कराई जाती है ताकि उनके अच्छे से देखभाल हो सके और मरीजों को संक्रमण से बचाकर स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके।

सोहना समेत जिले में हर साल 50 से ज्यादा आग लगने की घटनाएं होती है। दिवाली पर आग में झुलसे लोगों की दर्जनों घटनाएं होती है। बर्न वार्ड ना होने से बहुत से लोगों को समय से कोई उपचार नहीं मिल पाता और जले हुए रोगी को सरकारी अस्पताल में लाए जाने पर प्रथम उपचार के बाद तुरंत रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में जरूरी है कि सोहना के सरकारी अस्पताल में दस बैड का बर्न वार्ड और जिला मुख्यालय स्थित जिलास्तरीय सरकारी अस्पताल में कम से कम 100 बैड का बर्न वार्ड बनाया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं टूटती : बेरका

युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नौरंग खटाना बेरका ने बताया कि सोहना शहर व पास लगते औद्योगिक एरिया रोजकामेव में पहले भी आगजनी के भयानक हादसे हुए हैं, जिनमें कई मौत हो गई लेकिन उसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं टूटी। दीवाली के दौरान पटाखों आदि से लोग और बच्चे झुलस जाते है, जिन्हें नागरिक अस्पताल लाया जाता है, लेकिन नागरिक अस्पताल में जले हुए रोगियों के लिए ना तो उपचार की व्यवस्था है और ना ही बर्न वार्ड की और ना ही प्लास्टिक सर्जन, नर्स, स्वीपर व ड्रैसर ही उपलब्ध है।

29 page 3_02.qxd 10/28/2023 9:23 PM Page 1

दैनिक भरोसा मित्र
गुरुग्राम, रविवार 29 अक्टूबर 2023
www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
संवाद कार्यक्रमों में जनता की समस्याओं को ...

गुरुग्राम

अंदर देखे
भय मुक्त होकर निकले प्रदेश वासियों के नौ साल...

dainikbharoosa

खबर फटाफट

लद्दाख का एप्रीकोट और स्वेटर लोगों को कर रहा आकर्षित

गुरुग्राम। सरस आजीविका मेला 2023 में आज विकेंड पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। लोगों ने एक ओर दिनभर जहां जमकर खरीदारी की, वहीं शाम को फूड कोर्ट में परिवार के साथ खाने का जायका का भी स्वाद चखा। साथ ही सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठा अपनी थकान की दूर। मेले में विकेंड पर आज काफी भीड़ व खरीदारी हुई। सरस मेले में आई हुई लद्दाख की स्टेट कोआर्डिनेटर मिनाक्षी ने बताया कि इस मेले में लद्दाख के कुल 7 स्टॉल हैं, जिसमें हेंडलूम व हेंडीक्राफ्ट के चार स्टॉल हैं, जबकि तीन फूड प्रोडक्ट्स के स्टॉल लगाए गए हैं। लद्दाख से आई हुई मज़ाला एसएजजी की हकीमा बानो ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 140 पर स्वेटर, सॉक्स, कैप, मफलर, साड़ी, दुपट्टा, रिंग, शॉल आदि प्रोडक्ट हैं जो कि लोगों को काफी लुभा रहा है। यहां, पर आप को डेढ़ सौ रुपये से लेकर ढ़ाई हजार तक के सामान मिलेंगे। वहीं, लद्दाख की ही शाइनिंग स्टॉर एसएचजी की कुंजंग डोलमा ने बताया कि हमारे स्टॉल नंबर 340 पर अखरोट, एप्रीकोट, एप्रीकोट ऑयल, एप्रीकोट जैम, ड्राई चीज, मिल्क टॉफी आदि हैं जो कि पांच रुपये से लेकर पंद्रह सौ रुपये तक के सामान उपलब्ध है। वहीं, सरस मेले में नियमित रूप से संध्या पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। सांस्कृति कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए रुचि ने बताया कि शाम को जब लोग सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेने अपने परिवार के साथ आते हैं। ज्ञात हो कि राजधानी से सटे गुरुग्राम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सरस आजीविका मेला का आयोजन किया जा रहा है।

व्यापारी को धमकी देने वालों की गिरफ्तारी पर व्यापारियों ने जताया पुलिस का आभार

गुरुग्राम। खांडसा रोड पर एक व्यापारी के प्रतिष्ठान में पत्र डालकर फिरोती मांगने के आरोपियों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी करने पर व्यापारियों ने गुरुग्राम पुलिस का आभार जताया है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल के नेतृत्व में शनिवार को व्यापारियों ने पुलिस मुख्यालय में एसीपी, डीसीपी से मुलाकात करके धन्यवाद किया। नवीन गोयल ने कहा कि एक व्यापारी भाई के प्रतिष्ठान में पत्र डालकर और उसे कॉल करके फिरोती की मांग की गई थी। जिस पर डीसीपी क्राइम ब्रांच की टीम ने बड़ी ही मुस्तैदी और इंटेलिजेंस के साथ जांच की। आरोपियों की कम समय में गिरफ्तारी करके इस मामले को सुलझा दिया। इसके लिए खांडसा रोड व्यापार मंडल व पूरी एसोसिएशन की ओर से पुलिस विभाग का ह्दय की गहराइयों से आभार है। नवीन गोयल ने एसीपी अरुण दहिया, डीसीपी क्राइम विजय प्रताप का सभी व्यापारियों की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुग्राम पुलिस अपराधों की गुत्थी कम समय में सुलझाकर आम आदमी को न्याय दिला रही है।

जोनल लेवल बाल महोत्सव में राज इंटरनेशनल स्कूल का रहा दबदबा

गुरुग्राम। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से डिस्ट्रिक्ट लेवल पर चयनित होकर राज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुग्राम में आयोजित जोनल में अनेक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई । एकल नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं की मानवी ने प्रथम स्थान लिया और कक्षा आठवीं की समीक्षा और रिदम ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप एक के अंतर्गत अदिति, चित्रांशी, कनक, काव्य, कोमल, मैत्री, मीनाक्षी परिधि, प्रियांशी और टिया ने, ग्रुप 4 के अंतर्गत समूह नृत्य प्रतियोगिता में भूमिका ,हर्षप्रीत, हिमानी ,हिरल मनस्वी, मानसी, नैंनसी, निकिता, नितिन और योगिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप 1 के एकल नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा छठी की कोमल और कक्षा सातवीं की हिमानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागी जोनल से स्टेट के लिए चयनित हुए हैं। विद्यालय के अनुभवी प्रशिक्षको नवीन भारद्वाज , अभिषेक, प्रदीप ,रोहित और अभिलाष के मार्गदर्शन में इन छात्रों ने इस उपलब्धि को प्राप्त किया अतः विद्यालय के चेयरमैन श्री राजेंद्र सैनी जी ने सभी को बधाई दी । विद्यालय के डायरेक्टर नवीन सैनी , जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी जी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई के साथ-साथ शुभाशीष दिया और इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने की प्रेरणा दी और उनके अच्छे भविष्य की कामना की।

पहल कौन करेगा का प्रीमियम हुआ लॉन्च

गुरुग्राम। ओटीटी चैनल नमकीन टीवी द्वारा दर्शकों के लिए नई कहानियों व नए विषयों के साथ केशव आर्य की फिल्म पहल कौन करेगा का प्रीमियम लॉन्च किया गया। इस मौके पर दीपांजलि छेत्री, मनोज बक्शी; हितेन्दर सेजवाल, लोकेद्र चौधरी, एसएस नेहरा, अखिलेश शुक्ला आदि मौजूद रहे। गुरुग्राम में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए रिबेल फाउण्डेशन के चेयरमैन श्रद्धानंद पति ने कहा कि केशव आर्या ने नमकीन टीवी के माध्यम से पहल कौन करेगा फिल्म द्वारा समाज की सच्चाई को दिखाने की हिम्मत दिखाई है उसकी मैं तहेदिल से तारीफ व बधाई करता हू। नमकीन टीवी के सभी पात्र। बधाई के पात्र है, रिबेल फाउंडेशन हमेशा ही नमकीन टीवी के साथ रहेगा। टीवी के निदेशक रिजवान रजा ने कहा कि दर्शकों के लिए तरह-तरह के जबर्दस्त क्लॉविटी के मनोरंजक कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए नमकीन टीवी को लॉन्च कर काफी उत्साहित हैं। कलाकारों में केशव आर्या और समाइरा खान शामिल है, जिन्होंने इस फिल्म में काफी जबर्दस्त परफॉर्मेंस दी है।

केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

सेवा संकल्पों के परिणामों को महसूस कर रहे हैं हरियाणा वासी : सुधा यादव

- कहा, भाजपा सरकार ने हर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय संसदीय बोर्ड एवं केंद्रीय चुनाव समिति सदस्य तथा पूर्व सांसद डा. सुधा यादव ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार के 9 सालों का कार्यकाल व्यवस्था परिवर्तन, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास, संवेदनशील व पारदर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान का साक्षी रहा है। प्रदेश सरकार ने हरियाणा का चौतरफा विकास किया है। इन 9 सालों में व्यवस्था परिवर्तन से सुशासन और सुशासन से सेवा के संकल्पों के परिणाम को प्रदेशवासी महसूस कर रहे हैं। शनिवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में मनोहर सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को पत्रकारों के साथ साझा करते हुए डा. सुधा यादव ने कहा कि जनहित के कार्यों की बदौलत 2024 में केंद्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। डा. सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने ऐसी व्यवस्था कायम की है, जिसने भ्रष्टाचार पर प्रहार किया है। भाई-भतीजावाद व क्षेत्रवाद को खत्म कर प्रदेश का एक समान विकास किया है। आज हरियाणा के विकास की दशा व दिशा पूरी तरह बदल गई है। सरकारी सेवाओं व योजनाओं के लाभ घर बैठे मिल रहा है। बिना सिफारिशों के युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्ड़, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव व जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, सह मीडिया प्रमुख जयवीर यादव व नीरज यादव उपस्थित रहे।

दक्षिण हरियाणा की माइनरों में 39 साल बाद सभी टेल तक पहुंचा पानी

डा. सुधा यादव ने कहा कि पानी के मामले में दक्षिणी हरियाणा के साथ 2014 से पहले पक्षपात किया जा रहा था। हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार दक्षिण हरियाणा की माइनरों में 39 साल के बाद सभी टेल तक पानी पहुंचा। हर घर नल से पहुंच रहा है। केंद्र की आयुष्मान और प्रदेश की चिरायु योजना का भी हर गरीब को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ, बेटी प ाओ अभियान को सफलतापूर्वक लागू करके जन्म के समय लिंगानुपात जो वर्ष 2014 में 871 था, वो आज सुधरकर 932 (सितम्बर, 2023) तक पहुंचा है।

आज प्रदेश के किसान खुशहाल

डा. सुधा यादव ने कहा कि आज प्रदेश के किसान खुशहाल है, उद्योग का पहिया तेजी से घूम रहा है, विश्व स्तर का इन्फ्रास्ट्रक्चर, गरीब से गरीब व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और युवा स्वाभिमानी एवं स्वावलंबी बन रहे हैं। आज यह कहते हुए गर्व है कि आज परिस्थितियां एकदम बदली हुई हैं। हमने नेक नीयत और बुलंद इरादों के साथ जनता के अविश्वास को विश्वास में बदला है। निराशा को आशा में बदला है। जन-आकांक्षाएं फलीभूत हो रही हैं और एक नया हरियाणा बना है।

बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देकर रुपये ऐंठने वाली महिला गिरफ्तार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। युवक को बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देकर रुपए ऐंठने वाली आरोपित महिला को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अक्तूबर को एक ट्रांसपोर्टर ने थाना सदर सोहना में एक लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि पुलिस द्वारा उन्हें सूचना दी गई कि उनकी कैंटर गाड़ी के ड्राइवर ने एक औरत के साथ गलत काम किया है। जिस सूचना पर वह पुलिस चौकी निमोठ पहुंचे तो वहां पर वह औरत मिली, जिसने उनकी गाडी के ड्राइवर के खिलाफ धारा 376 के तहत थाना सदर सोहना में मामला दर्ज कराया हुआ है। उस औरत से उसने बातचीत की तो उस औरत ने उससे 50 हजार रुपयों की मांग की और रुपए नहीं देने पर इनकी गाडी के ड्राइवर को दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दी। उस औरत द्वारा मांगे गए रुपयों की बात के सम्बन्ध में एक लिखित शिकायत साक्ष्यों सहित पुलिस टीम को दी गई, जिसके शिकायत के आधार पर पुलिस टीम द्वारा उस औरत के खिलाफ थाना सदर सोहना में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए भारतीय को सोहना से काबू कर लिया।

बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 2 युवक गिरफ्तार

गुरुग्राम। बिजली बिल भरने के नाम पर 10 लाख रुपयों का फॉड करने वाले 2 युवकों को पुलिस ने काबू कर लिया है, जिनके कब्जे से एक क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 जुलाई 2022 को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक लिखित शिकायत बिजली बिल भरने के नाम पर उसके बैंक खाता से लगभग 10 लाख रुपए निकालकर ठगी करने के सम्बन्ध में दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों एजाज शेख व सुरेश को पालम विहार से काबू कर लिया। आरोपियों से पुलिस पूछताछ से ज्ञात हुआ कि पीडित से ठगी गई राशि में से उन्होंने 5 लाख रुपए अपने बैंक क्रेडिट कार्ड का बिल भरा था। उन्होने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था, जिसके लिए उन्हें 10 प्रतिशत कमीशन दिया गया था। पुलिस पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों के पास बिजली बिल ना भरने व बिजली कनेक्शन कटने का मैसेज भेजते है और बाद मे जब कोई व्यक्ति मैसेज में दिए हुए मोबाईल नंबर पर फोन करता है तो उसके साथी पेमेंट करने के नाम पर लिंक सेंड करते है, और लिंक पर क्लिक करने के बाद उनका बैंक अकाउंट हैक करके उनके बैंक खाते से पैसे निकल कर ठगी की वारदात को अंजाम देते है।

जिला प्रशासन की सकारात्मक पहल

किशोरावस्था बड़ी नाजुक होती है : निशांत कुमार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। किशोरावस्था के नाजुक मोड पर स्कूली विद्यार्थियों के अंतर्मन में इस अवस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों के बीच तमाम तरह की जिज्ञासाओं और शंकाओं को लेकर अंर्तद्वंद चलता रहता है। ऐसे में वे अपने विद्यार्थी जीवन में सही समय पर सही निर्णय लेकर किसी अन्य बुराई से बचे से रहें इसके लिए जिला प्रशासन ने एक सकारात्मक पहल करते हुए स्कूली विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट मन लांच किया है। प्रोजेक्ट लांच का यह कार्यक्रम डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में बादशाहपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्पन हुआ। डीसी निशांत कुमार यादव ने आत्मन एप के साथ प्रोजेक्ट मन को लांच करने उपरांत उपस्थित जिला के स्कूल प्राचार्यों को संबोधित करते हुए किशोरावस्था बड़ी नाजुक होती है, क्योंकि यही समय होता है जब भविष्य बनाने की दिशा में कार्य किए जाते हैं और इसी उम्र में भटक जाने के आसार भी होते हैं। इसलिए उम्र के इस मोड पर समझदारी से काम लेना बहुत आवश्यक हो जाता है। भटकाव का सबसे बड़ा और पहला कारण संगत होती है। इस उम्र में मस्ती मज़ाक करना, दोस्तों के साथ घूमना-फिरना अच्छा है। लेकिन अगर संगत ग़लत हो तो भविष्य ख़तरे में पड़ सकता है, चूंकि किशोर इतने परिपक्व नहीं होते कि सही-ग़लत पहचान सकें। इसलिए माता-पिता बच्चे की संगत व दोस्तों की पूरी जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में एकल परिवारों में जहां माता पिता दोनों नौकरी करते हैं वहां किशोरों को काफी समय अकेले बिताना पड़ता है। अगर वह सही दिशा में हैं तब तक कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन गलत राह पर बढने पर उन्हें रोकना जरूरी हो जाता है।

भाजपा नेता और पार्षद पद के दावेदार राकेश राणा की दैनिक भरोसा से खास बातचीत

जनता का साथ मिला तो सूद समेत उनका कर्ज उतारूंगा : राकेश राणा

पाताल उपाधाध्य

गुरुग्राम। बजघेड़ा से भाजपा नेता और पार्षद पद के दावेदार राकेश राणा ने दैनिक भरोसा से खास बातचीत में बताया कि अगर पार्टी ने मौका दिया तो चुनावी मैदान में जरूर उतरूंगा। और अपने वार्ड और जनता की सभी समस्याओं को खत्म करने का काम करूंगा । उन्होंने कहा कि मेरे वार्ड में कोई भी अपनी परेशानी लेकर आते हैं तो मै उन्हें कोई आश्वासन नहीं देता अगर वो काम मैं कर सकता हूँ तो ही मैं उनको हाँ बोलता हूँ और उस काम को पूरा करता हूँ। और जितना विश्वास मेरे वार्ड के लोग मुझ पर करते है उतना ही विश्वास मुझे लोगों पर है । उन्होंने कहा कि जनता ने अगर मुझे पार्षद के रूप में चुना तो में उनका ये कर्ज सूद समेत विकास कार्यों के रूप में चुकाऊंगा । साई कुंजफाउंडेशन पर लगे आरोपों के बारे में उन्होंने कहा कि मैं साई कुंज का प्रधान भी हूँ और कुछ आसामाजिक लोगों द्वारा निराधार और बेबुनियादी आरोप लगाए गए थे जो जांच के बाद एकदम झूठे निकले । उन्होंने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है । मनोहर सरकार ने हरियाणा प्रदेश को हर क्षेत्र में नंबर वन पर पहुंचाया है । भाजपा को ही चुनने के सवाल पर उन्होंने कहा की मै शुरू से ही नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रभावित रहा हूँ । उनके भाषण की शैली और उनके काम करने का अंदाज मुझे बहुत प्रभावित करता है 2014 से जबसे मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तबसे देश नई बुलंदियों को छू रहा है ।

बोले, नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रभावित रहा हूं

असहाय बच्चों को शिक्षित कर सशक्त बना रहा समिधा वेलफेयर

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। राइज इंफ्रावेंचर्स लिमिटेड असहाय और विकलांग बच्चों की सहायता में जुटा हुआ है। सामाजिक संस्था समिधा कल्याण के माध्यम से कमजोर वर्ग की लड़कियों के सशक्तिकरण में विशेष योगदान दे रहा है। इस पहल से कई बच्चियों को रोजगार मिल चुका है। संस्था के संस्थापक और सीईओ सचिन गावरी ने बताया कि हमारा लक्ष्य केवल रियल एस्टेट उपलब्धियों को हासिल करने से कहीं ज्यादा हैं, हम असहाय लोगों के जीवन को बदलना चाहते है। कई बच्चों के जीवन में इससे सकारात्मक परिवर्तन भी हुए हैं। हम वंचित लड़कियों और दिव्यांग बच्चों की मदद करके उन्हें सशक्त बनाते हैं, जिससे उनका कल बेहतर हो और वह जीवन में बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित न रहें। राइज इंफ्रावेंचर्स लिमिटेड लोगों के जीवन में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाकर उनके भविष्य को बेहतर बना रहा है। बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए फाइनेंशियल हेल्प, हेल्थ, कौशल विकास कार्यक्रम, चिकित्सा सहायता और जरूरतमंद लोगों को आवश्यक चीजें पहुंचा कर मदद कर रहा है। लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित लीडिंग ऑर्गेनाइजेशन में से एक के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की है।

पंडित दीन दयाल के सपने को साकार करेगा वाल्मीकि चौपाल का पुनर्निर्माण

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। आदिकवि, महर्षि महान संत, भगवान वाल्मीकि जी की जयंती यहां नई बस्ती में भगवान वाल्मीकि समाज कल्याण सभा की ओर से धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी हरियाणा के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह में भगवान वाल्मीकि जी के चरणों में माथा टेका और सभी को बधाई दी। नवीन गोयल ने भगवान वाल्मीकि चौपाल के जीर्णोद्धार के लिए नींव भी रखी। यह कार्य 2.5 करोड़ रुपये के खर्च से पूरा होगा। भगवान वाल्मीकि चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए उनके प्रयासों के लिए संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, डॉ. सुधा यादव, राव इंद्रजीत सिंह, अर्बन बॉडी मंत्री कमल गुप्ता, निगम अधिकारी वाईएस गुप्ता, निगम आयुक्त पीसी मीणा, पूर्व आयुक्त मुकेश आहूजा, एक्सईएन मनोज व रोहताश का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में सभी का पूर्ण सहयोग मिलता है। इस कार्य में सांसद धर्मबीर सिंह, मेयर मधु आजाद, पार्षद दलीप साहनी का भी पूरा सहयोग मिला। नवीन गोयल ने संस्था के पदाधिकारी सुल्तान सिंह चावरिया, कुलदीप सिंह, जुगेश कुमार, ईशू वाल्मीकि, राजकुमार, ज्ञानेश्वर समेत सभी साथियों को बधाई दी। उन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना करके सर्व समाज को जीवन में नेकी, ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी। उनके इस महाकाव्य को भारत देश में ना केवल अपनाया गया, बल्कि उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए सर्वसमाज तरक्की भी कर रहा है। इस अवसर पर मधु आजाद पूर्व महापौर गुरुग्राम, प्रताप कदम, दलीप साहनी पूर्व पार्षद, सुल्तान वाल्मीकि प्रधान, सीमा पाहुजा पूर्व पार्षद नगर निगम गुरुग्राम, पवन पाहुजा (बंटी), ईशू वाल्मीकि समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



क्राइम | अपराधियों पर भारी रहा शनिवार

कोरियर सेवा के नाम पर ठगी करने वाला चढ़ा हत्थे

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। कोरियर सेवा के नाम पर 15 लाख रुपयों की ठगी करने के मामले में एक युवक को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 अप्रैल 2022 को एक महिला ने पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व में एक लिखित शिकायत कोरियर सेवा के नाम पर धोखाधडी से उसके बैंक खाता से लगभग 15 लाख रुपए की ठगी करने के संबध मे दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी राहुल को सैक्टर 43 से काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी से पुलिस पूछताछ से ज्ञात हुआ कि पीडित द्वारा कोरियर सेवा के नाम पर ठगी गई राशि में से उसके बैंक खाता में एक लाख रुपए आए थे। आरोपी ने बताया कि यह अपने एक अन्य साथी द्वारा लोगों के साथ कोरियर सेवा के नाम पर फ्रॉड करते हैं। गूगल पर कस्टमर सर्विस का नंबर सर्च करने पर इनके द्वारा उपलब्ध करवाया गया फेक नंबर मिलता है, इसके बाद जब कोई व्यक्ति/कस्टमर इनसे संपर्क करता है तो ये कोरियर सेवा का कस्टमर अधिकारी बनकर उनके साथ ठगी करते हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों के बैंक खातों की डिटेल खंगालने पर उनके बैंक खाता में अब तक लोगों से की ठगी गई के लगभग 1.29 करोड रुपए राशी का आना पाया गया गया है। आगामी पूछताछ व बरामदगी के लिए आरोपी को अदालत के सम्मुख पेश करके 3 दिन की पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है।

व्यापार का लोभ देकर ठगी करने वाला तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

गुरुग्राम। लीथियम ट्रेडिंग करके अच्छा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर एक करोड 2 लाख 32 हजार रुपयों की ठगी करने के मामले में तीसरे युवक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जिसके कब्जे से एक लाख 5 हजार रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 22 नवम्बर 2022 को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में एक लिखित शिकायत लीथिएम ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम पर उससे एक करोड 2 लाख 32 हजार रुपए इन्वेस्ट करवाकर ठगी करने के संबध में दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी उमाशंकर को मध्यप्रदेश से काबू कर लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ से ज्ञात हुआ कि पीडित से ठगी गई राशि मे से उसके बैंक खाता मे 2 लाख 32 हजार रुपए आए थे, उसके बैंक खाते को उसका एक अन्य साथी ऑपरेट कर रहा था। जिसके लिए उसको 50 हजार रुपए कमीशन के तौर पर दिए थे। मामले में 2 आरोपियों मोहम्मद माज व सईद मुजमिल को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है।

लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में 2 युवक दबोचे

गुरुग्राम। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में 2 युवकों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो जिसमें सैक्टर 53 के रैपिड मेट्रो स्टेशन के नीचे व आगे अंडरपास के नीचे दो-तीन गाडि ों के चालक लापरवाही से तेज गति से गाड़ी चलाते हुए आगे पीछे करके एकदम गाड़ी आगे लगाते दिखाई दे रहे थे। जिससे चालकों ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए अपनी तथा दूसरों की जान जोखिम में डालकर अपराध किया है, जिसके संबंध में संज्ञान लेते हुए थाना सैक्टर-53 में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने 2 आरोपियों संदीप व वासु को काबू कर लिया, जिनके कब्जे से 2 गाडि ां बरामद की गई हैं।

मनोहर सरकार के कार्यकाल में

प्रदेश का निर्यात बढ़कर हुआ 245453 करोड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश का निर्यात वर्ष 2022-23 में बढे र 245453 करोड़ हो गया है। पूरे देश में सबसे अधिक निर्यात करने वाले राज्यों में हरियाणा सातवें स्थान पर पहुँच गया है। अनुराग बक्शी ने अपना कार्यकाल एक वर्ष और बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गत नौ वर्षों में प्रदेश में निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जो ऐतिहासिक कदम उठाये हैं उनके परिणाम स्वरूप आज हरियाणा औद्योगिक विकास और निर्यात में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हरियाणा वासी को इस बात पर गर्व होना चाहिए की हरियाणा देश के कुल भूभाग का केवल 1.34 प्रतिशत है, और जनसंख्या के अनुपात में केवल 02.09 प्रतिशत ,फिर भी देश के सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) में हरियाणा का योगदान 04त्न है, वस्तु और सेवाकर (जीएसटी) संग्रहण में पूरे देश में पांचवे स्थान पर है। वहीं 297000- रूपए की प्रति व्यक्ति आय के साथ देश में पांचवे पायदान पर है। उल्लेखनीय बात ये है कि देश के कुल खाद्यान भंडार में हरियाणा का योगदान दूसरे स्थान पर है और भारत से होने वाले बासमती चावल के निर्यात का लगभग 60 प्रतिशत केवल हरियाणा से है। कृषि के साथ साथ उद्योगिक विकास में भी हरियाणा अग्रणी राज्यों में से एक है और देश में बनने वाली कार, मोटर साईकिल और ट्रेक्टर के कुल उत्पादन का 50त्न से भी अधिक निर्माण केवल हरियाणा में होता है। बख्शी ने कहा की हरियाणा देश का पहला राज्य है जहा पर विदेशों के साथ व्यापार और दूसरे सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश सहयोग विभाग और प्रदेश से निर्यात को गति देने के लिए हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया गया है।

खबर फटाफट

युवा संस्कारवान हों, राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व समझें : सीकरी

गुरुग्राम। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में जीएवी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 7 ए एक्सटेंशन में आर्य समाज की सहायता से 70 हवन कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। भारत विकास परिषद द्वारा सुशांत लोक सी ब्लॉक स्थित संस्कृति गवर्नमेंट स्कूल में पारितोषिक वितरण किए और खिलाडि ों को स्पोर्ट्स किट भेंट की गई। सैक्टर 5 स्थित सुचेता मेमोरियल स्कूल में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को संस्कारवान बनाने पर भी बल दिया और राष्ट्र के प्रति उन्हें सजग किया। डा. वीणा अरोड़ा द्वारा संचालित अंबेडकर नगर स्थित नीलकंठ पाठशाला में 124 बच्चों के फर्नीचर, पाठ्य सामग्री भेंट की। बच्चों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर सुनाया। अर्जुन नगर स्थित राजकीय विद्यालय में जरुरतमंद बच्चों को बैग वितरित किए गए। ब्लिस बैंक्वेट हॉल के चेयरमैन संजीव कुमार ने विशाल भण्डारे का आयोजन किया, जिसमें बोधराज सीकरी अतिथि के रुप में शामिल हुए। इसके बाद नेत्रहीन व असहायों के लिए संचालित रिहेबिलिटेशन सेंटर में पहुंचकर राशि भेंट की गई, ताकि वे जूड़ो के खेल का बेहतर तरीके से प्रशिक्षण ले सकें। उन्हें आग्रह किया गया कि हर मंगलवार की सायं वे 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इसके बाद उनके भोजन की व्यवस्था के लिए सारी सामग्री बोधराज सीकरी भेजा करेंगे। पालम विहार गौशाला पहुंचकर मंदिर में गिरिराज महाराज के दर्शन किए और गायों को चारा आदि खिलाया। पूरे दिन सेवा कार्यों में में बोधराज सीकरी ने अपना योगदान दिया। उनके साथ बलदेव गुगलानी, धर्मेंद्र बजाज, राजेंद्र बजाज, रमेश कामरा, राजपाल आहूजा, रमेश मुंजाल, गजेंद्र गोसाई, किशोरी डुडेजा, सतपाल नासा, द्वारका नाथ मक्कड़, ज्योत्सना बजाज, सुरेश सीकरी, शशि बजाज, सिमरन बजाज, रचना बजाज, रीटा, मीनाक्षी मुंजाल, पुष्पा नासा, अनिल किुमार, गौरी शंकर आदि का विशेष सहयोग रहा।

बिजली मंत्री आज करेंगे हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन

तावडू। उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर में स्थित कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान में हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन करने के लिए रविवार को हरियाणा के बिजली एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह प्रात- 10 बजे पहुंचेंगे।

यह जानकारी कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान के एसपी गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के बिजली एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह कामधेनु आरोग्य वेलनेस संस्थान में हाइड्रोपोनिक्स फाडर प्लांट का उद्घाटन करेंगे तथा मासिक हवन में शामिल होंगे। इसके साथ वे कामधेनु आयुर्वेदिक वेलनेस संस्थान का अवलोकन भी करेंगे। उनके साथ पूर्व मंत्री विपुल गोयल, तिगांव से विधायक राजेश नागर, हरि मंदिर आश्रम पटौदी के अधिष्ठाता स्वामी धर्मदेव महाराज, धर्म योग फाउंडेशन के संस्थापक स्वामी योग भूषण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

मेवात में सैकड़ों युवाओं को बगैर पर्ची और खर्ची के मिली नौकरियां : भाजपा

हरियाणा सरकार के 9 साल बेमिसाल, मुख्यमंत्री ने किए प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य : समय सिंह भाटी

मेवात की दशकों पुरानी मांगों को पूरा करने से जिले ने पकड़ी विकास की रफ्तार

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा में भाजपा सरकार द्वारा पिछले 9 सालों में किए गए विकास कार्यों को लेकर शनिवार को नूंह भाजपा कार्यालय पर भाजपा प्रदेश मंत्री व नूंह जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, मनीष जैन नपा अध्यक्ष फिरोजपुर झिरका, जाहिद हुसैन पूर्व चेयरमैन, ताहिर हुसैन बीजेपी नेता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

समय सिंह भाटी ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी की मनोहर लाल सरकार ने अपने कार्यकाल के 9 साल पूरे कर लिए हैं। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में जो विकास कार्य हुए हैं वह एक रिकॉर्ड है। अब तक की किसी भी सरकार में इतने विकास कार्य नहीं हुए जितने भाजपा की सरकार में 9 सालों में हुए हैं। उन्होंने कहा कि 26 अक्टूबर 2014 के बाद

प्रदेश में परिवार वाद ,भाई भतीजावाद और क्षेत्रवाद का बोलबाला था। लेकिन आज प्रदेश में हर स्तर पर काफी सुधार हुआ है। साथ ही पीएम मोदी के विजन से गरीब के जीवन में सुधार आया। हरियाणा की भाजपा समर्थित मनोहर लाल सरकार ने 26 अक्टूबर को अपने कार्यकाल के 9 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि यह 9 साल मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन सेवा के नौ साल पूरे हुए। समय सिंह भाटी ने प्रदेश सरकार के 9 साल के कार्यकाल में जिले में हुए विकास कार्य को भी विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह जिले में एक भी भाजपा विधायक ना होते हुए भी खट्टर सरकार ने अन्य जिलों के साथ समान विकास जिले में कराया है, उसे मुख्यमंत्री की बेहतर सोच का पता चलता है जो पूरे प्रदेश में समान विकास करना चाहते हैं। उन्होंने पिछली सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पहले की सरकारों ने जिले में विकास कि ओर कोई कदम नहीं उठाया था। अब मनोहर सरकार ने जिले को विकास की गति पर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जिले में बिना पर्ची और बिना खर्ची के ही सैकड़ो युवाओं को रोजगार दिया गया है। इतना ही नहीं उन्होंने कहां की आने वाले समय में जिले में विकास तेज गति से दौड़ेगा।

मुख्यमंत्री की नेक नीयत और ईमानदारी से हुआ 9 सालों में बेहतर विकास : औरंगजेब

भाजपा के वरिष्ठ नेता और हरियाणा हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन चौधरी औरंगजेब ने हरियाणा की भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर कहां की

प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की नेक नियत और ईमानदारी के चलते हरियाणा के साथ-साथ मेवात में भी समान विकास हुआ है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि मेवात से प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को एक विशेष लगाव है जिसके चलते उन्होंने मेवात में ऐतिहासिक विकास कार्य कर मेवात को विकास की गति में आगे बढ़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देना, मेवात जिले से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे निकालना, रेल कॉरिडोर बनाना यह मेवात के लिए भाजपा की देन है ,जिससे मेवात विकास के मामले में आगे बढ़ रहा है। औरंगजेब ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की करनी और कटनी में कोई अंतर नहीं है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की दूरगामी सोच से हुआ प्रदेश का स्वर्णिम विकास : मनीष जैन

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। नगर पालिका फिरोजपुर झिरका के चेयरमैन एवं प्रदेश चेयरमैन एसोसिएशन के उपप्रधान मनीष जैन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा नपा प्रधानों को सुरक्षाकर्मी तथा वाहन सुविधा और पर्सनल एसिस्टेंट दिए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि बीते माह प्रदेश की नगर पालिकाओं के चेयरमैनों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिला था। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीएम के समक्ष जो भी मांगे रखी गई थीं उन्हें मुख्यमंत्री जी ने स्वीकार कर नपा के जनप्रतिनिधियों का मान व सम्मान बढ़ाने का काम किया है। मनीष जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच के चलते प्रदेश के इतिहास में सबसे अधिक काम हुए हैं। उन्होंने कहा प्रदेश के अंदर भाजपा की सरकार को बने 9 वर्ष पूरे हो चुके हैं, यह 9 वर्ष प्रदेश के लिए स्वर्णिम ही नहीं बल्कि बेमिसाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह नपा प्रधानों का मान बे ाया है, ठीक वैसे ही वार्ड के पार्षदों का सम्मान बे ाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रधान के अलावा वार्ड पार्षदों के मानदेय में बे ोतरी कर छोटे स्तर पर जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों का गौरव बे ाया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल बेहद ईमानदार और नेकनीयती से काम करने वाले व्यक्ति विशेष हैं। उनके नेतृत्व में चल रही भाजपा की सरकार में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने जहां समुचित प्रदेश का विकास किया वहीं मेवात में भी सबका साथ सबका विकास की नीति को पारदर्शी घोषित करते हुए इस पिछड़े क्षेत्र का भी विकास करवाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगर पालिकाओं में भी करोड़ों रुपए की राशि विकास कार्य के लिए केवल इसलिए दी है ताकि शहरों का विकास हो सके। मनीष जैन दावा किया मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदार और पारदर्शी सोच तथा समुचित प्रदेश के कराए गए सामान विकास कार्यों की बदौलत प्रदेश के अंदर तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर झिरका में विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर धन मुहैया कराने का काम किया है।

खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन : परमजीत चहल

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ज़िला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कहा कि मेवाती बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें केवल अपनी कला के प्रदर्शन के लिए उचित अवसर दिए जाने चाहिए। साथ ही संबोधित करते हुए कहा कि अध्यापक बच्चों को मेवात क्षेत्र में अभिभावक बन कर पढ़ाएं।उन्होंने कहा कि मेवात की बालिकाएं पंचकुला में अच्छा प्रदर्शन पूर्व में करती रही है। जिला कॉर्डिनेटर एफएलएन कुसुम मालिक ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास आज की मुख्य जरूरत है। यदि विधार्थी हर क्षेत्र सक्षम होगा तो जीवन में आने वाली चुनौतियों का डट कर मुकाबला कर सकता है। बच्चों द्वारा किए गए प्रदर्शन से

खुश होते हुए कहा कि राजकीय विद्यालयों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। साथ ही बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। खंड शिक्षा अधिकारी गीता आर्य ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने से छुपी हुई प्रतिभाओं का पता चलता है। कहा कि विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, एकल नृत्य, रागिनी और लघु नाटिका में अच्छा प्रदर्शन किया। साथ ही उत्तीर्ण छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने इस प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए सभी छात्र, छात्राओं, शिक्षकों, और निर्णायक मंडल खास कर मेवात मॉडल स्कूल नगीना के प्राचार्य सत प्रकाश व सहायक क्लर्क रजमल खान को बधाइयां दीं। इस अवसर पर विजेंद्र सिंह प्रधान मेवात मॉडल स्कूलस एसोसिएशन , मंच संचालक निसार अहमद व सतीश कुमार ने उपस्थित मेहमानों का स्वागत और कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसएमसी प्रधान नितिन दुबे, उप प्रधान कैलाश सोनी, प्रिंसिपल हयात खान, प्रिंसिपल डाक्टर हाशिम, शकील अहमद, सुनील कुमार, पूनम कौशिक, सुनीता खत्री, सरूची, शिखा, पूजा , मंजू , यासीन ,कपिल और महमूद खान उपस्थित रहे।

पांच गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक ने सुनीं जनता की समस्याएं

मुख्यमंत्री द्वारा चलाए गए जन संवाद कार्यक्रमों में जनता की समस्याओं को निपटाना ही मुख्य उद्देश्य : संजय सिंह

अलावलपुर, बरोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावाली में समस्याएं सुन गामीणों की शिकायतें की दूर

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। विधानसभा क्षेत्र के पांच गांवों अलावलपुर, बरोटा, बेरी, चंदेनी व चिलावाली में शनिवार को जनसंवाद कार्यक्रम में सोहना के विधायक संजय सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनका मौके पर ही समाधान किया। इतना ही नहीं मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निपटने के सख्त निर्देश दिए। सोहना विधानसभा से विधायक संजय सिंह ने नूंह विधानसभा के पांच गांवों में सुबह दस बजे पहुंचकर अधिकारियों के साथ जन संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और उनका समाधान करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। इस दौरान लोगों से

बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की बेहतर सोच के चलते प्रदेश के सभी गांव में जन संवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनके दिशा निर्देश पर जिले के सभी गांवों में यह जन संवाद कार्यक्रम चलाए जाएंगे और इन जन संवाद कार्यक्रमों में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने सख्त निर्देश दिए हुए हैं। ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस दौरान विधायक संजय सिंह ने सभी लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया और जिन समस्याओं का निपटारा नहीं हो सका उनके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के आदेश दिए।

इस दौरान खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नूंह ने कार्यक्रम स्थल का चयन कर वहां पर सभी आवश्यक प्रबंध जैसे साफ-सफाई व आमजन के बैठने के लिए समस्त व्यवस्था करवाई। सिविल सर्जन नूंह द्वारा इन कार्यक्रमों में डॉक्टरों की टीम सहित एक एंबुलेंस भिजवाई गई। इतना ही नहीं जनसंवाद कार्यक्रम में पार्किंग एवं सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा जरूरी प्रबंध करवाए गए। कार्यक्रम में कार्यकारी अभियंता, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नूंह इन कार्यक्रम स्थलों पर बिजली की सुचारू रूप से व्यवस्था करवाने के साथ साथ लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता ने गांवों में कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग, अग्निशमन अधिकारी द्वारा फायर ब्रिगेड की गाड़ी इन गांवों में भिजवाई गई। कार्यकारी अभियंता, जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सभी कार्यक्रमों में पीने की पानी व वीआईपी टॉयलेट की व्यवस्था करवाई गई और इस दौरान उपमंडल अधिकारी (ना.) नूंह कार्यक्रम के ओवर आल इंचार्ज रहे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, भाजपा नेता ताहिर हुसैन,हरियाणा हज कमेटी के सदस्य रईस तैयब हुसैन भी मौजूद रहे।

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला वर्षों से दुर्दशा की शिकार

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । शहर के वार्ड नंबर एक सैनी पुरा में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला वर्षों से दुर्दशा का शिकार है। पाठशाला में लंबे समय से स्टाफ की कमी व बंदरों का आंतक तथा चार दिवारी न होने के कारण पाठशाला में लोगों ने सार्वजनिक रास्ता बनाया हुआ है। जिस कारण पाठशाला में कार्यरत स्टाफ व विद्यार्थी परेशानी झेलने पर मजबूर है। पाठशाला मुख्याध्यापिका सुनीता यादव ने बताया कि पाठशाला में 7 अध्यापक पद है और 1 अध्यापक व 1 अध्यापिका, 1 एनजीओ अध्यापिका तथा 1 टंपरेरी एडजेस्ट मैट के तहत अध्यापक बच्चों को पढ़ा रहे है। इस पाठशाला में 3 अध्यापकों व स्वीपर, पीएन की आवश्यकता है। जिस बारे

उच्चाधिकारियों को अवगत कई बार कराया लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी है। सैनीपुरा में यह पाठशाला लगभग 60 वर्षों से चल रहा है। उन्होंने बताया कि पीएन व स्वीपर न होने के कारण इनके द्वारा किया जाने वाला कार्य भी स्टाफ को करना पड़ता है। जैसे पाठशाला के कमरों की सफाई व डैस्टीग आदि दोनों कर्मचारियों का कार्य स्टाफ को स्वय करना पड़ता है। सैनीपुरा निवासी प्रेम सैनी ने बताया कि पाठशाला भूमी संबंधी मामला विवादित है, जो वर्षों से चला आर हा है और कई बार इस मामले में पंचायत थी हो चुकी है।

क्या कहते हैं खंड शिक्षा अधिकारी

खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पाठशाला की चार दिवारी व पाठशाला में बने

सार्वजनिक रास्ते के बारे में उन्हें जानकारी नहीं। वह सोमवार को राजस्व विभाग से इस बारे भूमी की जानकारी मंगाएंगे। उन्होंने स्टाफ के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री संवाद के दौरान प्रदेश के सभी मॉडल संस्कृति विद्यालयों पर समीक्षा हुई थी। जिस विद्यालय में जो भी आवश्यकता है उसे पूरा होने की सरकार से उम्मीद जताई।

परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाना

नूंह में करीब 3 हजार बच्चों ने यातायात नियमों पर आधारित ब्लॉक स्तरीय परीक्षा में लिया भाग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। जिला नूंह पुलिस की ओर से स्थानीय प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को यातायात नियमों पर आधारित ब्लॉक स्तर की परीक्षा का आयोजन किया गया, इस परीक्षा में जिला भर के सभी स्कूलों के करीब 3 हजार स्कूली विधार्थियों ने यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया । परीक्षा को लेकर स्कूली बच्चे काफी उत्साहित दिखाई दिए । उन्होंने कहा कि बचपन के समय सीखी हुई बाते बच्चे जिंदगी भर याद रखते हैं । बचपन में यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएं तो वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं क्योंकि बचपन का समय स्वर्णिम काल होता है और सीखने और सीखाने का सही समय होता है। उप-पुलिस अधीक्षक यातायात नूंह ओमप्रकाश ने बताया कि यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी

प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन्न करवाने में स्थानीय शिक्षा विभाग का काफी योगदान रहा है । उन्होनें बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि यातायात नियमों को अपने मन से अपनाए न कि पुलिस के भय से । उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना कर बच्चे यातायात व्यवस्था को सदृढ बनाने में अहम योगदान दे सकते है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही यातायात नियमों पर आधारित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन करवा कर इस परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले विधार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा । उन्होंने जिला भर के सभी स्कूल व कॉलेजों के विधार्थियों से आह्वान किया है कि वे यातायात नियमों की स्वयं पालना कर अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें ताकि यातायात व्यवस्था को और अधिक सदृढ बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सदृढ व सुचारु बनाने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है, जिसके काफी सार्थक परिणाम आ रहे हैं ।

गुरुग्राम से दिल्ली के लिए रवाना आज होंगे 9 अमृत कलश

गुरुग्राम। आजादी के अमृत काल में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ शुरू की गई अमृत कलशों में गुरुग्राम सहित देश के प्रत्येक गांव व कस्बों से एकत्रित की गई मिट्टी को रविवार 29 अक्टूबर को दिल्ली ले जाया जाएगा। जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के महान वीरों के सम्मान में 31 अक्टूबर को इन अमृत कलशों की मिट्टी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखेंगे। यात्रा में देशभर के विभिन्न राज्यों से अमृत कलश यात्रियों का दिल्ली बार्डर स्थित गुरुग्राम के धनचिरी कैम्प में पहुंचने का सिलसिला शनिवार से आरंभ भी हो चुका है। गुरुग्राम सहित हरियाणा के अन्य जिलों से अमृत कलश रविवार को पहुंचेंगे।

धनचिरी कैंप में करीब 12 हजार यात्रियों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम जिला के मानेसर व गुरुग्राम नगर निगम, पटौदी व सोहना नगर परिषद, नगर पालिका फरूखनगर तथा सोहना, पटौदी, फरुखनगर व गुरुग्राम खण्ड से एक-एक अमृत कलश दिल्ली भेजा जाएगा। जिला के सभी 9 कलश यात्री व नेहरू युवा केंद्र के वालंटियर रविवार को 12 बजे सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल (जॉन हॉल) परिसर के शहीद स्मारक से धनचिरी कैंप के लिए रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला से फरुखनगर पंचायत समिति के चेयरमैन सुधीर कुमार के नेतृत्व में अमृत कलश यात्री दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

गोरखधंधा त्योहारी सीजन शुरू होने पर मेवात में बढ़ रहा है मिलावट खोरों का धंधा

सिंथेटिक पाउडर से बनाई जा रही नकली मिठाइयां

पिनगवां में मिठाइयों में जमकर हो रही है मिलावट

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। पूरे देश में त्योहारों का सीजन शुरू होने से चारों ओर त्योहारों की खुशियां देखने को मिल रही हैं। बाजारों में रौनक लगना शुरू हो गई है। लोग त्योहार के लिए खरीदारी करने लगे हैं। त्योहारों में सबसे ज्यादा खरीदारी होती है मिठाइयों की, हर घर में मिठाइयों से त्यौहार मनाया जाता है। खुशियों का मतलब ही मिठाइयों से माना जाता है, लेकिन बाजारों में मिठाइयों की

दुकानों पर खुशियों में जहर घोलने का काम किया जा रहा है। आपको बता दे की मेवात जिले के पिनगवां सहित कई कस्बों में मिठाई की दर्जनों दुकानें खुल चुकी हैं और दुकानदार अधिक से अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में मिठाइयों में धड़ल्ले से मिलावट कर रहे हैं। मिठाइयां बनाने के लिए दूध की जगह सिंथेटिक पाउडर का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे त्योहारों की खुशियों में मिठाई के साथ-साथ जहर घर-घर में पहुंच रहा है।

नकली मिठाइयों से बढ़ रहा बीमारियों का डर

पिनगवां कस्बे में सिंथेटिक पाउडर से दूध जैसे दिखने वाले पदार्थ बनाए जा रहे हैं जिससे मिठाइयों के लिए घटिया सामग्री तैयार की जा रही है और उनको तरह-तरह की मिठाइयां बनाने में इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे लोगों में बीमार पड़ने का खतरा बढ़ गया है ।घटिया दूध से मावा बनाया जा रहा है जिससे मिठाइयां बन रही हैं,लेकिन दुकानदार कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने में लगे हैं। इन नकली मिठाइयों की वजह से कस्बे में बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ गया है। मिठाइयां बनाने वाले मावे को बनाने के लिए उसमे रिफांइड ऑयल और चूना तक मिलाया जा रहा है ,जिससे मिठाइयों के लिए घटिया सामग्री तैयार की जा रही है।

मोटा चढ़ावा चढ़ाने से संबंधित विभाग द्वारा नहीं होती कार्रवाई

आपको बता दे कि इस सिंथेटिक पाउडर रूपी जहर से हर रोज सैकड़ो किलो दूध और मिठाइयां बनाई जा रही हैं दर्जनों मिठाई की दुकानों पर मिठाई के नाम पर जहर बेचा जा रहा है लेकिन संबंधित विभाग ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। सूत्रों के अनुसार संबंधित विभाग को इस सब की पूरी जानकारी होते हुए भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। क्योंकि दुकानदारों और सिंथेटिक पाउडर के व्यापारियों द्वारा उनके अफसरो को मोटा चढ़ावा चढ़ाया जाता है। संबंधित विभाग द्वारा इसके विरोध में कोई कार्यवाही नहीं की जाती मात्र खाना पूर्ति करके छोड़ दिया जाता है। कई बार छापेमारी भी करते हैं लेकिन इसका असर ज्यादा दिनों तक देखने को नहीं मिलता और फिर कार्यवाही खत्म होने पर यह व्यापार ऐसे ही चलता रहता है।

बदलती लाइफ स्टाइल, और फास्ट फूड हड्डियों को कर रहा कमजोर

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । बदलती लाइफ स्टाइल, आराम तलब जिंदगी और फास्ट फूड का अत्याधिक सेवन लोगों की हड्डियों को कमजोर कर रहा है। हड्डियों में कैल्शियम और अन्य तत्वों की कमी से ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या बढ़ रही है। वहीं महिलाओं में मीनोपॉज के बाद हार्मोन के असंतुलन से न ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या सामने आ रही है। शिवम अस्पताल के डक्टर आरए चौधरी ने क्षेत्र के लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

उन्होंने नियमित रूप से व्यायाम करने की बात कही है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में रोजाना 5 से 7 मरीज हड्डी में दर्द की समस्या को लेकर इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। महिलाओं में मीनोपॉज के बाद हार्मोन के असंतुलन से ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि लोगों हड्डी की बीमारी के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से 20 अक्टूबर को दुनियाभर में विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऑस्टियोपोरोसिस को खोखली हड्डियों की बीमारी कहते हैं। ऐसी बीमारीए जिसमें हड्डियों की मजबूती और घनत्व कम होता जाता है। इस बीमारी में कैल्शियम और विटामिन डी की कमी के कारण बोन मास घनत्व कम हो जाता है और हड्डियां भुरभुरी हो जाती हैं। क्योंकि हमारी हड्डियां कैल्शियमए फॉस्फोरस और प्रोटीन के अलावा कई प्रकार के मिनरल्स से बनी होती हैं। बढ़ती उम्र, पल्यूशन व बदलती लाइफ स्टाइल के साथ ये पोषक तत्व कम होने लगते हैं। जिससे हड्डियां इतनी कमजोर हो जाती हैं कि छोटी सी चोट भी फ्रै क्चर का कारण बन जाती है। फ्रै क्चर ज्यादातर कूल्हे, कलाई या रीढ़ की हड्डी में होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आपकी उम्र 40 के पार है और कमर दर्द, शरीर में दर्द या हल्की चोट पर भी फ्रै क्चर होने की शिकायत है तो बोन डेंसिटी टेस्ट करवाएं।

खबर फटाफट

वाल्मीकि जयंती पर अटेली मंडी में निकाली गईं झांकियां

मंडी अटेली। शनिवार को अटेली मंडी में वाल्मिकी जयंती के शुभ अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन धूम धाम से किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सुमेर प्रधान बिहाली ने ने दिप प्रज्ज्वलित किया व झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर सुमेर प्रधान बिहाली लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमे महर्षि वाल्मीकि के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने अपने जीवन की एक घटना से प्रेरित होकर अपना जीवन पथ बदल दिया, जिसके फलस्वरूप वे महान पूज्यनीय कवियों में से एक बने। यही चरित्र उन्हें महान बनाता हैं और हमें उनसे सीखने के प्रति प्रेरित करता हैं। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ही महान लोगों और विद्वानों का देश रहा है। हमारे देश की इस पवित्र धरती पर कई प्रमुख और महान लोगों ने जन्म लिया है, इसलिए भारत को विद्वानों का देश कहा जाता है। महर्षि वाल्मीकि हमारे देश के उन महानतम लोगों मे से एक थे। वह एक संत थे और वो एक साधारण जीवन और उच्च विचार रखने वाले व्यक्ति थे। वह बहुत ज्ञानी होने के साथ-साथ एक महान व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। इस अवसर पर अशोक प्रधान वाल्मीकि समाज, जितेंद्र, बलवंत प्रधान, कैलाश चंद बिहाली, तरुण यादव ब्लॉक प्रधान, अनुज जांगड़ा ब्लॉक चेयरमैन, सत्येंद्र यादव, अविनाश भारद्वाज, आकाश, अभिषेक शर्मा, सुधांशु यादव व अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गुजरवास में रक्तदान कैंप आज

मंडी अटेली। गांव गुजरवास में नेवल वेटेंरस एवं बाबा युवा क्लब गुजरवास के सौजन्य से विशाल रक्तदान कैंप 29 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कमांडो सुमेर सिंह ने बताया कि कैंप में सामान्य अस्पताल नारनौल की टीम पहुंचकर रक्त एकत्रित करेगी।

राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की मासिक बैठक आज

मंडी अटेली। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला इकाई कार्यकारिणी की मासिक 29 अक्टूबर रविवार को दौगड़ा जाट के शिव मंदिर के नजदीक की जाएगी। जानकारी देते हुए सभा के सदस्यों ने बताया कि इस बैठक में हरियाणा माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर सिंह मालवाल के सम्मान समारोह के रूप रेखा तैयार की जाएगी। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों व समाज के लोगों का पहुंचना सुनिश्चित किया गया है।

नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष व ओमप्रकाश धनखड़ को राष्ट्रीय सचिव बनाने पर जताई खुशी

चंदपुरा। नायब सिंह सैनी प्रदेश अध्यक्ष बनाने व श्री ओम प्रकाश धनखड़ को राष्ट सचिव बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बाटकर बनाई खुशी। अटेली में भाजपा के युवा नेता प्रदीप यादव सराय प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओबीसी मोर्चा के कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लड्डू बाटकर खुशी मनाएं नायब सिंह सैनी जी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी का आभार जताया। इस मौके पर कृष्ण शर्मा मंडल अध्यक्ष, थान सिंह भोजावास पूर्व मंडल अध्यक्ष व एमिनेंट पर्सन, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजपाल यादव, मनजीत भीलवाड़ा महामंत्री, टिल्लू सरपंच, विकास सरपंच सैदपुर, मुकेश एडवोकेट, अशोक मास्टर सैदपुर, मनीष शर्मा सुरानी कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाएं।

एक बीडीपीओ के जिम्मे 71 गांवों का जिम्मा, कैसे होगा आमजन का काम

मंडी अटेली। अटेली में स्थाई बीडीपीआ न होने से लोगों को परेशानी का सामाना करना पड रहा है। अटेली में सिहमा के बीडीपीआ के अतरिक्त कार्य भार दिया हुआ है। अटेली खंड में 43 गांव में तथा सिहमा में 28 गांव है। इसके अलावा कनीना का कार्यभार देने के बाद उनके पास 128 गांव के करीब हो गए थे। हालाकि कनीना के बीडीपीआ द्वारा तबादला स्थागित आदेश कोर्ट से लाने के बाद उन्होंने फिर से कनीना में ज्वाइन कर ली है। अब भी 71 गांवों की जिम्मेवारी एक अधिकारी के पास है। एक ही अधिकारी के पास दो तीन स्थान का चार्ज होने से आम जन का काम प्रभावित होता है आर अधिकारी के पास समय पर न पहुंचने का बहाना हो जाता है।

यातायात नियमों की अवहेलना करना वाहन चालकों को पड़ा भारी

पुलिस ने 200 वाहनों के काटे चालान

गलत लेन ड्राइविंग करने वालों पर कसा शिकंजा

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। आज जिला महेंद्रगढ़ में सडे सुरक्षा सुनिश्चित करने व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लेन ड्राईविंग (बाई लेन) में चलने के नियमों की उल्लघना करने वाले वाहनों के चालान किए। सडे सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबंधित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाई लेन) निर्धारित करने व बाई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए थे। मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज भारी वाहनों के चालान किए गए। पुलिस द्वारा गलत लेन में चलने वाले 200 से अधिक वाहन चालकों

के चालान किए गए। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के भी चालान किए गए।

प्रबंधक थाना यातायात सहित सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए थे कि मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाई लेन में चलें, जिससे सडे सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े और सडे हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सडे सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चले, रॉन्ग साइड में वाहन न चलाएं। जिससे सडे हादसों में कमी लाई जा सके।

गाड़ी में तोड़ करने के मामले में एक ओर आरोपी काबू

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल।नारनौल में रेवाड़ी रोड पर महिंद्रा वर्क शॉप के सामने खड़ी गाड़ी से तोडे ोड़ करने के मामले में थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने एक ओर आरोपी विकास उर्फ घाटा वासी घाटाशेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपी योगेश उर्फ बज्जर वासी गोद को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ में एक लोहे की रॉड बरामद की थी। शिकायतकर्ता राजवीर वासी छापडा बीबीपुर नांगल चौधरी में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उसने बताया था कि दिनांक 9 अक्टूबर को वह उसकी बुलेरो कैम्पर गाड़ी को महिंद्रा वर्क शॉप रेवाड़ी रोड नारनौल के गेट के सामने खडी करके गया था, जो गाड़ी की सर्विस करवानी थी। उसने बताया कि शाम के समय उसके पास महिंद्रा वर्क

शॉप से टेलीफोन आया कि आप की गाड़ी को 3/4 लडे ों ने कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से तोड़ फोड़ कर दिया और एक लडे ा दोनो हाथो मे कट्टे लिया हुआ था और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। सूचना मिलते ही शिकायतकर्ता महिंद्रा वर्क शॉप के सामने पहुंचा और देखा कि गाड़ी के सारे शीशे तोड़ रखे हैं व कन्डक्टर साईड से खिडकी को कुल्हाड़ी से काट रखा था। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ओर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

इनेलो पार्टी आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से लड़ेगी : होशियार सिंह

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। इंडियन नेशनल लोकदल की बैठक नई मंडी नारनौल में आयोजित की गई। जिसमें सुरेंद्र कौशिक को पुन- जिला प्रधान व छोटेलाल गहली को कार्यकारी प्रधान बनने पर सम्मानित किया व बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राव होशयार सिंह ने कहा कि इनेलो का कुनबा लगातार तेजी से बढ़ रहा है पार्टी आगामी लोक सभा एवं विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा की पार्टी छोड़ कर गए सभी कार्यकर्ताओं को मना कर इनेलो में वापस लाने का काम करना है। सुरेंद्र कौशिक व छोटेलाल गहली दोनों ही पार्टी के कर्मठ व मजबूत कार्यकर्ता रहे है। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व अभय सिंह चौटाला ने इनको नियुक्त कर सही काम किया है और हम हाई कमांड का धन्यवाद करते है। इस अवसर पर जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक व छोटेलाल गहली ने कहा कि पार्टी ने जो हमें जिम्मेवारी सौंपी है हम उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला के पौत्र उधम सिंह चौटाला के जन्म पर आगामी 5 नवंबर को तेजा खेड़ा सिरसा में

होने वाले दसोठन समारोह का निमंत्रण पूरे जिला महेंद्रगड़ का चूल्हा निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व अभय सिंह चौटाला ने महेंद्रगढ़ के प्रत्येक गांव में ये निमंत्रण पत्र दिया है जिससे हमें गांव गांव जा कर देना है। इस अवसर पर सतबीर बडेसरा, सत्यनारायण गुप्ता, हरिराम सैनी, नवनीत ढिल्लों, बल्ली शेखावत, केदार गर्ग, लक्ष्मीनारायण कोच, बिल्लू चेयरमैन, बिजेन्द्र ढिल्लो, अमर सिंह जांगड़ा, लाल सिंह तंवर, ईश्वर सिंह तोताहेरी,सतपाल चिल्लारो, नरसिंघ दायमा, डा हनुमान, देशराज यादव, सतपाल उन्हनि, जय सिंह सैनी, सत्यनारायण सैनी, संदीप सेहरावत, सूबेदार भागमल, घीसाराम, सुनील, मुकेश नम्बरदार, भरपूर सिंह व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नायब सैनी को अध्यक्ष बनाने से पार्टी को मिली नई मजबूती : संजय सैनी

सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर लड्डू बांटकर मनाई खुशी

भरोसा मित्र डेस्क

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सिंह सैनी को बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश एवं उत्साह भर गया है। इस खुशी में शनिवार दोपहर को सिंघाना रोड स्थित कैलाश सैनी के ऑफिस के पास गौरव मार्केट में लड्डू बांटे गए। इस मौके पर भाजयुमो के पूर्व शहरी अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी संजय सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी को प्रदेश अध्यक्ष बनाने से पार्टी को नई मजबूती मिली है। नायब सैनी कर्मशील एवं निष्ठावान कार्यकर्ता रहे हैं और उनकी कार्यशैली काफी लोकप्रिय रही है। उन्होंने कहा कि उनके अध्यक्ष बनने पर वह संगठन के आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने के साथ ही पार्टी के जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करेंगे और सभी

कार्यकर्ताओं को एकसाथ लेकर चलेंगे। आम कार्यकर्ता की इस पद पर नियुक्ति होने से आमलोगों का भारतीय जनता पार्टी के प्रति और विश्वास बे ा है और निश्चित रूप से पार्टी को इसका फायदा मिलेगा। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं सीएम मनोहरलाल का आभार प्रकट किया है। इस मौके पर छिप्पा सैनी, कर्मवीर सैनी, मुकेश सैनी, बंटी सैनी, नितिन यादव, रामसिंह सैनी, उज्ज्वल सिंह संधू, राजू अग्रवाल प्रधान, मुकेश सैनी, सुरेंद्र सैनी, महावीर, पवन सैनी एवं नीरज फौजी समेत गौरव मार्केट के अनेक दुकानदार उपस्थित थे।

जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए

पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशा निर्देशों के तहत बम निरोधक दस्ते के द्वारा आज नारनौल और महेंद्रगढ़ में चैकिंग अभियान

चलाया गया। बम निरोधक दस्ते से एएसआई कुलदीप, ईएचसी अनिल, ईएचसी जितेंद्र, कांस्टेबल राहुल, सीआईडी से एएसआई नरेंद्र और पुलिस विभाग की सुरक्षा शाखा से ईएचसी राजेश ने नारनौल और महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर चैकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बम निरोधक दस्ते में बम निरोधक कोर्स पास किए हुए जवानों को तैनात हैं। बम निरोधक दस्ता बम निरोधक स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि त्यौहारों को लेकर सुरक्षा बंदोबस्त को दुरुस्त करते हुए बम निरोधक दस्ते द्वारा चैकिंग अभियान चलाया गया है। बम या विस्फोटक पदार्थ आदि के संबंध में अगर कोई सूचना मिलती है तो बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करेगा।

इसके अतिरिक्त आमजन को भी जागरूक किया गया तथा सतर्क रहने बारे हिदायत दी गई। जिला पुलिस द्वारा आमजन से अपील है कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। संदिग्ध वस्तु को न तो खुद छुएं और न ही किसी को छूने दे। जिला पुलिस का सहयोग करें। जिला महेंद्रगढ़ पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा और सेवा में तत्पर है।

एक जाति, एक राष्ट्र, एक धर्म हो धरती पर

अमर मुनि जी महाराज की जन्मभूमि गांव ताजीपुर में मनाया 121वा जन्मोत्सव

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। जैन तीर्थ धाम वीरायतन के संस्थापक रहे राष्ट संत उपाध्याय अमर मुनि जी महाराज की 121वीं जयंती ग्राम ताजीपुर (गादा गांव) शरद पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाई गई। यह जयंती समारोह वीरायतन की संस्थापिका पूज्य आचार्य श्री चंदना श्री जी की अगुवाई में आयोजित किया गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आए भक्तगणों ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण का लाभ उठाया। परम पूज्य आचार्य श्री चंदना जी महाराज के पावन आशीर्वाद व पूज्य साध्वी श्री संघ मित्रा जी के पावन सानिध्य में उक्त कार्यक्रम ग्राम ताजीपुर (गादा गांव) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नेमीचंद जैन सर्राफ ने की। पूज्य साध्वी संघमित्रा जी ने बताया कि इस मौके पर आचार्य श्री चंदना जी महाराज ने गुरुदेव के साथ बिताए उन सुनहरे पलों का वर्णन करते हुए कहा कि उपाध्याय श्री अमर मुनि जी महाराज को राष्ट संत की उपाधि क्यों दी गई। साथ ही वीरायतन स्थापना में उनका कितना

नि:शुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप में 80 लोगों ने उठाया फायदा

अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि अमर मुनि महाराज के भक्तगणों में हर जाति पंथ समाज के लोग शामिल रहे। जिस व्यक्ति को उनके सानिध्य का मौका मिला वह गुरुदेव जी का होकर रह गया। कहा कि मनुष्य की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। एक जाति एक राष्ट्रीय एक धर्म हो धरती पर अमर मुनि महाराज के बारे में बताया कि वह बड़े तपस्वी सरल स्वभाव के महान विभूति थी जिन्होंने अपना सारा जीवन कड़ी तपस्या में गुजार दिया। कार्यक्रम में नेकी की दीवार निडी हेल्थ ग्रुप व एस.एस.जैन सभा नारनौल के संयुक्त तत्वाधान में अमर मुनि जी महाराज के जन्मोत्सव पर अर्णव राव जयपुर हॉस्पिटल, नारनौल के विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप शिविर कैंप सोहन लाल मेमोरियल धर्मशाला गांव ताजीपुर (गादा गांव) में लगाया गया। शिविर में लगभग 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जिसमें विशेष सहयोग जिला रेडक्रास सोसाइटी नारनौल का रहा। कार्यक्रम में मंच संचालक मुकेश जैन ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अशोक सुराना आगरा रंजन जैन गुडे ांव, जिनेश कुमार जैन, राजबाला सरपंच ताजीपुर, प्रशांत चपलावत, वरिष्ठ साहित्य डा. रामनिवास मानव, रिटायर्ड जज राकेश यादव, रविंद्र सिंह मटरू, राकेश महता, प्रेम चंद, राजीव, अतुल, नितिन, आदिश, मनोज, रितेश जैन, राम सिंह, सतबीर, रामपाल सरपंच, बनवारी लाल व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

तैयारी दौंगड़ा अहीर के ग्रामीणों ने दिया विधायक अभय सिंह यादव को आश्वासन

दौंगड़ा अहीर की रैली को सफल करने का जिम्मा हमारा: ग्रामीण

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। आगामी 10 दिसंबर को दौंगड़ा अहीर में प्रस्तावित नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव की जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए उन्होंने शनिवार प्रात- 10 बजे गांव दौंगड़ा अहीर के लोगों को रैली के सफल बनाने के लिए रणनीति पर विचार करने के लिए एक बैठक का आयोजन किया। गांव दौंगड़ा अहीर के लोगों ने विधायक डॉक्टर अभय सिंह यादव को आस्वस्थ करते हुए कहा कि दौंगड़ा अहीर की रैली आपकी नहीं हमारी है, हम बच्चे, बूढ़े और जवान सभी मिलकर इस रैली को सफल बनाएंगे और यह रैली आने वाले समय में एक इतिहास रचेगी।

इसके बाद नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने नांगल चौधरी हलके के 18 गांवों का दौरा किया। इनमें लूजोता, दौखेरा, भेडटीं, दोस्तपुर, सैदअलीपुर, शहबाजपुर, नोलाजा, नौलपुर, ढांणी जाजमा, दताल, नांगल

नूनिया, बुढ़वाल, राय मलिकपुर, ढांणी पोसवाल, ढांणी सांगा, ढांणी सैनियान व अमरपुरा गांव शामिल थे। डा. यादव ने ग्रामीणों को आह्वान करते हुए कहा कि आगामी 10 दिसंबर को दौंगड़ा अहीर रैली में हर गांव से दो-दो बस एक महिलाओं की तथा दूसरी पुरुषों की भरकर पहुंचें। लोगों ने आश्वासन दिया कि वह इस रैली में बढ़ चढे र भाग लेंगे। ग्रामीण दौरे के दौरान लोगों ने डॉक्टर अभय सिंह यादव का फूलमालाओं व पगड़ी के अलावा खुली गाड़ी में डीजे के साथ गांव में प्रवेश करवाया और भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर उनके साथ नांगल चौधरी के पंचायत समिति अध्यक्ष कर्मपाल यादव, निजामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद यादव, नारनौल पंचायत समिति के अध्यक्ष पंकज यादव, सीहमा पंचायत समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, अटेली पंचायत समिति अध्यक्ष राजेंद्र यादव के अलावा मंडल अध्यक्ष हंसराज सिराधना, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, आस पड़ोस के गांवों के पंच, सरपंच, डेली गेट, जिला परिषद के सदस्य के अलावा अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

विद्या भारती स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू

इन्द्रजीत सिंह,भरोसा मित्र

नारनौल। खंड के स्कूल विद्या भारती मे दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने दीप प्रज्वलन कर किया। जंहा लेमन रेस में कक्षा 2 व 3 के छात्र वर्ग में बिशु पुत्र बलबीर व छात्रा वर्ग में प्रियांशी पुत्री अनिल कुमार प्रथम रहे। वही टेबल रेस में कक्षा 2 व 3 छात्र वर्ग में पार्थ पुत्र गणेशा राम तथा छात्रा वर्ग में वर्षा पुत्री सुभाष प्रथम रहे। फ्राग रेस कक्षा 2 व 3 छात्र वर्ग में यश पुत्र अमर सिंह प्रथम रहे। वही 100मी. रेस कक्षा 6 से 8 छात्र वर्ग में यश पुत्र कर्मवीर व छात्रा वर्ग में अंतिम पुत्री शीशराम प्रथम रहे। 200 मीटर रेस में कक्षा 9 से 12 छात्र वर्ग में रोहित पुत्र दयाराम व छात्रा वर्ग में साक्षी पुत्री बलवंत प्रथम रहे। खो-खो कक्षा 2 से 5 में छात्र वर्ग में राधाकृष्ण सदन की टीम व छात्रा वर्ग में मंगल पांडे सदन की टीम विजेता रही। खो-खो कक्षा 6 से 8 छात्र वर्ग में मीरा बाई सदन व छात्रा वर्ग में कल्पना चावला सदन की टीम विजेता रही। खो-खो कक्षा 9 से 12 छात्र वर्ग में मीरा बाई व मंगल पांडे सदन व छात्रा वर्ग में भी मीरा बाई व मंगल पांडे सदन की संयुक्त टीम विजयी रही। कबड्डी कक्षा 4 से 5 में कल्पना चावला सदन की टीम विजेता रही। कबड्डी कक्षा 6 से 8 छात्र वर्ग में मंगल पांडे सदन तथा छात्रा वर्ग में मंगल पांडे

सदन की टीम विजयी रही। कबड्डी कक्षा 9 से 12 छात्र वर्ग में मीरा बाई व मंगल पांडे की संयुक्त टीम विजेता रही। कबड्डी कक्षा 9 से 12 छात्रा वर्ग में कल्पना चावला व राधाकृष्णन सदन की संयुक्त टीम विजेता रही। लंबी कूद कक्षा 6 से 12 छात्र वर्ग में रोहित पुत्र दयाराम तथा छात्रा वर्ग में साक्षी पुत्री बलवंत प्रथम स्थान पर रही।इस अवसर पर संस्था की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, प्राचार्य विनोद कुमार, रामदेव सिंह, रविन्द्रा कुमारी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विद्यालय के पी.टी. आई पूनम देवी, राहुल, आर.पी.एस. जखराना के पी.टी.आई मनीष ने निभायी।

29 page 6_01.qxd 10/28/2023 9:57 PM Page 1

खबर फटाफट

नौकर ने गोदाम से माल चुराकर पड़ोस के मिस्त्रियों को बेचा

रेवाड़ी। जिले के कस्बा धारुहेड़ा स्थित लोहे के पाइप व सरियों के व्यवसायी के यहां कार्य करने वाला नौकर पिछले दरवाजे से चुपचाप सामान बेचता रहा। काफी सामान कम होने पर जब संचालक ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो नौकर की चोरी का खुलासा हुआ। धारुहेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के कस्बा धारुहेड़ा निवासी राजेंद्र कुमार ने लोहे के पाइप तथा सरियों का व्यवसाय किया हुआ है। राजेंद्र ने अपना गोदाम धारुहेड़ा के ही बास रोड़ स्थित राम नगर में बनाया हुआ है। इस गोदाम पर करीब दो साल से उसने अलवर निवासी सुरेंद्र उर्फ गगन को बतौर नौकर रखा हुआ था। सुरेंद्र परिवार के साथ इसी गोदाम में ही रहता था। ाजेंद्र कुमार के अनुसार गोदाम के अंदर से सामान कम होने पर जब उन्होंने गोदाम पर लगे सीसीटीवी को चेक किया तो उसे नौकर की चोरी का पता लगा। राजेंद्र के अनुसार सुरेंद्र उनके गोदाम से लगातार लोहे के पाइप और सरिया चोरी करता रहा और ये माल पास ही वैल्डिंग का काम करने वाले दो मिस्त्रियों को बेचता रहा। जिनकी उन्हें भनक तक नहीं लगी। राजेंद्र के अनुसार नौकर सुरेंद्र करीब 12 लाख रुपये का सामान गोदाम से चोरी कर चुका है। इसके उपरांत राजेंद्र ने अपने नौकर सुरेंद्र को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दिखाई। इसके बाद नौकर सुरेंद्र ने अपनी गलती स्वीकार कर ली तथा चोरी किए सामान के पैसे लौटाने की बात कही। लेकिन सुरेंद्र ने एक रुपया भी वापस नहीं लौटाया। जिसके उपरांत राजेंद्र ने मामले की शिकायत धारुहेड़ा थाना को दी। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

साइबर अपराधों को अंजाम देने की ताक में बैठे रहते हैं ठग

रेवाड़ी। साइबर थाना से एचसी जितेन्द्र कुमार व उनकी टीम ने बस स्टैंड के निकट स्थित कोचिंग सेंटर में पुलिस की पाठशाला लगाकर छात्र-छात्राओं व स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव को लेकर जागरुक किया। साईबर थाना से एचसी जितेन्द्र कुमार व उनकी टीम ने बताया कि आज के इस तकनीकी दौर में मनुष्य ज्यादातर मोबाइल फोन, लैपटॉप व कम्प्यूटर आदि पर निर्भर है और यह डिवाइस इंटरनेट से जुडे हुई हैं।

पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को दिखाई देशभक्ति फिल्म तेजस

पुलिस स्मृति दिवस व फ्लैग दिवस के तहत फिल्म दिखाकर देश सेवा व सैनिकों के बलिदान से कराया अवगत

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस स्मृति एवं फलैग दिवस पर हरियाणा सरकार की पहल पर शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश पर डीएसपी शहर पवन कुमार ने बीएमजी मॉल में देशभक्ति फिल्म शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को देशभक्ति फिल्म तेजस दिखाकर सैनिकों द्वारा देश सेवा में दिए जाने वाले बलिदान व उनकी वीर गाथाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर एलओ इंस्पेक्टर विक्रम सिंह, इंचार्ज पुलिस चौकी जगन गेट एएसआई योगेश कुमार, सेना लिपिक एएसआई अरुण कुमार सहित अनेक पुलिसकर्मी व उनके परिजन मौजूद रहे।

इस मौके पर डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस एवं फ्लैग दिवस हर वर्ष 21 से 31 अक्टूबर तक मनाया जाता है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि आमजन तथा बच्चों को देश के वीर जवानों की बहादुरी से अवगत कराया जा सके। इसी के तहत आज पुलिसकर्मियों के परिजन व बच्चों के लिए देशभक्ति फिल्म शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के परिजन व बच्चों को देशभक्ति फिल्म तेजस दिखाकर सैनिकों द्वारा देश सेवा में दिए जाने वाले बलिदानों तथा उनकी वीर गाथाओ के बारे में अवगत कराया गया ताकि बच्चों में भी देश भक्ति की भावना पैदा हो और वह आगे चलकर देश सेवा के लिए सेना या पुलिस में भर्ती होकर अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम के माध्यम से देशहित में प्राणों की परवाह किये बिना अपनी ड्यूटी को निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

रेवाड़ी की सुरभि ने एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। स्थानीय मौहल्ला कुतुबपुर निवासी खिलाड़ी सुरभि राव ने साउथ कोरिया में चल रही शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर जिले व देश का नाम रोशन किया है। जानकारी देते हुए सुरभि राव के पिता अजीत सिंह ने बताया कि 15वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप साउथ कोरिया में 22 अक्टूबर से चल रही है। जिसमें विश्व के अनेक देशों की टीमें भाग ले रही है तथा यह चैम्पियनशिप 2 नवंबर तक चलेगी। अजीत सिंह ने बताया कि सुरभि ने इस प्रतियोगिता में अंबाला के रहने वाले सरबजीत सिंह के साथ खेलते हुए 10 मीटर मिक्स टीम इवेंट में खेलते हुए देश के लिए रजत पदक जीता। उन्होंने बताया कि सुरभि की शुरू से ही शूटिंग में दिलचस्पी रही है तथा वे स्वयं भी शूटिंग के खिलाड़ी रहे है। उन्होने बताया कि सुरभि की प्रारंभिक शिक्षा रेवाड़ी के डीपीएस स्कूल से तथा ग्रेजुऐशन दिल्ली के हंसराज कॉलेज से हुई है तथा अभी हाल ही में पंजाब विश्वविद्यालय से कैमिस्ट्री आनर्स में स्नातकोतर की पढाई कर रही है। ज्ञात रहे कि सुरभि मूल रूप से जिले के गांव जोनियावास की रहने वाली है तथा माउंट ऐवरेस्ट पर तिरंगा लहराने वाली प्रथम महिला संतोष यादव की भतीजी है। इतना ही नहीं इनके चाचा अधिवक्ता मिंदरजीत यादव भी बार काउंसिल ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा, चण्डीगढ के 2 बार चैयरमेन रह चुके है तथा वर्तमान में हाई कोर्ट ऑफ पंजाब एण्ड हरियाणा में डिप्टी एडवोकेट जनरल के पद पर तैनात है। सुरभि की इस उपलब्धि पर रेवाड़ी कोर्ट के पूर्व प्रधान राव रघुवीर सिंह, बिरेन यादव, विरेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान सुधीर यादव, पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह, पूर्व प्रधान नितिन कौशिक, शौकीन शर्मा, प्रवीण नैचाना, योगेश बोलनी, संदीप लेफ्टी, निरंजन यादव, कृष्ण कुमार, नितेश अग्रवाल, जयंत यादव, अजीत नरायणपुर, मोहित बंसल सहित अनेक अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता मिंदरजीत यादव व उनके भाई अजीत यादव को बधाई दी।

अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए सरकार ने नौ साल में प्रत्येक व्यक्ति का कराया विकास : गौड़

भरोसा मित्र ब्यूरो

प्रदेश सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा जिला प्रभारी जिला कार्यालय में पत्रकारों से हुए रुबरु

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभार मुकेश गौड़ शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से रुबरु हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को भी गिनाया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम चौहान, प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली व पीपीपी कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला भी मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मुकेश गौड़ ने कहा कि आज से करीब नौ साल पूर्व जब मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने सीएम पद की शपथ ली थी, उस समय प्रदेश की हालत खस्ताहाल थी। मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश को विकास के मामले में अग्रिम पंक्ति में पहुंचाने की चुनौती थी। सीएम के नेतृत्व में लगातार नौ वर्षों तक प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। पिछले नौ सालों में हरियाणा ने हर क्षेत्र में युवाओं को रोजगार, उद्योगों की स्थापना, बिना खर्ची-पर्ची के युवाओं को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने, सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों, ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे लोगों के कार्य को कराने, प्रदेश में सडे ों का जाल बिछाने, पिछले नौ साल के दौरान एक लाख 10 हजार सरकारी नौकरियां दी, एक लाख 17 हजार युवाओं को कौशल विकास के तहत रोजगार दिया तथा 60 हजार भर्ती प्रक्रियाएं पाइप लाइन में है।जिला प्रभारी ने बताया कि हमने एक हजार रुपये बुढापा पेंशन से कार्य शुरु किया था, जो आज 2750 तक कर दी गई है। आज बीपीएल कार्ड पीपीपी के माध्यम से स्वयं बन रहे हैं। गांवों में अटल सेवा केंद्रों के माध्यम से 257 योजनाओं को एक ही स्थाना पर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रही अन्य सरकारों ने केवल स्वार्थ की राजनीति की, लेकिन भाजपा ने पूरे प्रदेश की 90 विधानसभा क्षेत्रों में समान विकास कराने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। जिनका लाभ प्रदेश की जनता तक पहुंच रहा है।

स्कूटी से टकराकर पेड़ में फंसकर लटकी, स्कूटी सवार घायल

भरोसा मित्र ब्यूरो

खोल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शुरु की कार्रवाही

रेवाड़ी। स्थानीय महेंद्रगढ़ रोड़ पर गांव सीहा के निकट एक तेज रफ्तार कार स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर एक पेड़ में जा फंसी। इस हादसे में स्कूटी सवार को गंभीर चोटें आई, किंतु कार सवार को खरोच तक नहीं आई। सूचना के बाद पहुंची खोल थाना पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार महेंद्रगढ़ निवासी मोनू अपनी कार में सवार होकर किसी कार्य से शनिवार सुबह रेवाड़ी आ रहा था। गांव सीहा के निकट कार के आगे चल रही स्कूटी सवार ने अपने वाहन को पेट्रोल पंप की ओर मोड़ दिया। जिसके चलते मोनू ने अपनी कार के तुरंत तेज ब्रेक लगाए, जिससे तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया। ब्रेक के बावजूद कार पहले स्कूटी से टकराई तथा उसके बाद सडे किनारे खड़े एक पेड़ में जा फंसकर लटक गई। इस हादसे में स्कूटी सवार को गंभीर चोटें आई, लेकिन कार सवार मोनू को खरोच तक नहीं आई। हादसे के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित होकर कार को हैरत से देखने लगे। कुछ समय पश्चात कार से चालक सकुशल बाहर निकल आया। पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मियों व राहगिरों की सहायता से स्कूटी सवार को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद पहुंची खोल थाना पुलिस ने मामले में कार्यवाही शुरु कर दी।

सत्य, प्रेम व कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं महर्षि वाल्मिकी की रचनाए : चिरंजीव राव

महर्षि वाल्मिकी जयंती पर आयोजित शोभा यात्रा को रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव ने दिखाई हरी झंडी

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शहर की धारूहेड़ा चुंगी पर कार्यक्रम एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रचेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव ने हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक चिरंजीव राव ने महर्षि वाल्मीकि की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा आदिकवि महर्षि वाल्मीकी संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं, जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने संस्कृत में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है, जो कि श्री राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है। उन्होंने बताया आदिकवि शब्द आदिश और कवि के मेल से बना है। आदिश का अर्थ होता है प्रथम और कवि का अर्थ होता है काव्य का रचयिता। वाल्मीकि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य की रचना की थी जो रामायण के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना करने के कारण वाल्मीकि आदिकवि कहलाये। विधायक चिरंजीव राव ने बताया महाभारत काल में भी वाल्मीकि का वर्णन मिलता है। जब पांडव कौरवों से युद्ध जीत जाते हैं तो द्रौपदी यज्ञ रखती है। जिसके सफल होने के लिये शंख का बजना जरूरी था परन्तु कृष्ण सहित सभी द्वारा प्रयास करने पर भी पर यज्ञ सफल नहीं होता तो कृष्ण के कहने पर सभी वाल्मीकि से प्रार्थना करते हैं। जब वाल्मीकि वहाँ प्रकट होते हैं तो शंख खुद बज उठता है और द्रौपदी का यज्ञ सम्पूर्ण हो जाता है। विधायक ने कहा सामाजिक न्याय की शिक्षा देने वाले एवं दीनहीन के पक्ष में खड़े होने के लिए प्रेरित करने वाले महर्षि बाल्मीकि के जीवन एवं उनकी रचनाओं से हमें सत्य, प्रेम एवं कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मिकी के जीवन से प्रेरणा लें युवा

वाल्मिकी जयंती पर इंदिरा कालोनी में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। वाल्मिकी जयंती के अवसर पर शहर के मौहल्ला इंदिरा कालोनी स्थित वाल्मिकी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा नेता प्रदीप वाल्मिकी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने रिबन काटकर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों की ओर से मुख्य अतिथि को फूलमालाओं, शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदीप वाल्मिकी ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी एक महान संत और विद्वान थे।

उन्होंने लोगों को धर्म-जाति से ऊपर उठकर जागरुक करने का कार्य किया। उन्होंने समाज में फैले अंधविश्वास को भी समाप्त करने के लिए लोगों को जागरुक किया। प्रदीप वाल्मिकी ने कहा कि हम सभी को महर्षि वाल्मिकी के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। विशेषकर युवा वर्ग को बुरी संगतियों तथा नशे से दूर रहकर धार्मिक कार्यों में रुचि लेकर समाजहित में कार्य करने चाहिए।

उन्होंने सभी समाजबंधुओं को महर्षि वाल्मिकी जयंती की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को धार्मिक उत्सवों में बढ़-चढे र भाग लेना चाहिए, क्योंकि इससे भाईचारा भी बढ़ता है। इससे पूर्व आयोजकों की ओर से बीती रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया तथा शनिवार को प्रदान वितरित किया गया।

इस मौके पर राकेश बागड़ी, शाका प्रधान, गोविंद नंदा, राजकुमार, रामचंद्र बोहत, विजय, मदनलाल, रतनलाल बोहत, प्रेम लोहेरा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता आज ग्रामीणों से करेंगे जनसंवाद

रेवाड़ी। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता 29 अक्टूबर को बावल विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे। विधायक जरावता 29 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे कसौली, सुबह 11.30 बजे बोलनी, दोपहर 12.30 बजे पातूहेड़ा, दोपहर 1.30 बजे प्राणपुरा तथा दोपहर 2.30 बजे नांगल तेजू में ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। यह जानकारी एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह ने दी।

नपा बावल के वार्ड 11 का उप.चुनाव 5 नवंबर को

उप.चुनाव के लिए पुराना बीडीपीओ कार्यालय में बनाया गया मतदान केन्द्र'

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। एसडीएम बावल एवं रिटर्निंग अधिकारी नपा बावल डा. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से नगर पालिका बावल के वार्ड नंबर 11 के उप चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और चुनाव चिन्ह आवंटित करते हुए पोलिंग स्टेशन बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका बावल के वार्ड नंबर 11 के उप चुनाव के लिए पुराना बीडीपीओ कार्यालय थाना रोड़ बावल में मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान रविवार 5 नवंबर को प्रात- 8 बजे से सायं 5 बजे के बीच होगा तथा मतदान के तुरंत बाद मतगणना करते हुए परिणाम जारी किया जाएगा। उप चुनाव के मद्देनजर नगर पालिका बावल के वार्ड नंबर 11 से संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला में हरियाणा चुनाव आयोग की ओर से जारी की गई सभी गाइडलाइन की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित की जाएगी।

5 नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

एसडीएम ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिका बावल अधिकार क्षेत्र में 5 नवंबरए 2023 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस दौरान नगर पालिका बावल के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी कारखानोंए वाणिज्यिक प्रतिष्ठानोंए औद्योगिक उपक्रमोंए व्यापारए दुकानों आदि में अवकाश रहेगा ताकि क्षेत्र में स्थित कारखानोंए वाणिज्यिक प्रतिष्ठानोंए दुकानों आदि के श्रमिक अपना वोट डाल सके।

लाभ रेवाड़ी में पीपीपी से ऑटो मोड से बनी 5596 बुजुर्गों व 62 दिव्यांगजनों की पेंशन

मनोहर सरकार ने 'थारी पेंशन-थारे पास' के मूलमंत्र के साथ वास्तविक हकदार तक पहुंचाया पेंशन योजनाओं का लाभ

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी।हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने थारी पेंशन-थारे पास के मूलमंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियांवयन का सशक्त माध्यम बन गया है। हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में लागू किए गए परिवार पहचान पत्र के माध्यम से रेवाड़ी जिला में वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत 5596 वृद्धजनों व 62 दिव्यांगजनों की घर बैठे बिठाएं स्वत- ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन बनी है। प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर नजर आने लगा है। वृद्धावस्था पेंशन व दिव्यांग पेंशन योजना को परिवार पहचान पत्र से जोडने् के बाद अब बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को राहत मिली है और उन्हें अब इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में प्रदेश में जब से सरकार की यह फ्लैगशिप योजना शुरू हुई है, तब से आयु व आय के निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले बुजुर्गों की परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अब वृद्धावस्था सम्मान पेंशन व दिव्यांगजनों की दिव्यांग पेंशन ऑटो मोड में बन रही है। अब किसी भी बुजुर्ग व दिव्यांगजन को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने के लिए आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला रेवाड़ी में 5596 पात्र बुजुर्गों व 62 दिव्यांगजनों की पेंशन पीपीपी के माध्यम से बन चुकी है। समाज कल्याण विभाग द्वारा रेवाड़ी जिला के बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 2750 रुपए की राशि वृद्धावस्था सम्मान पेंशन व दिव्यांग पेंशन के रूप में उनके खातों में भेजी जा रही हैं। परिवार पहचान पत्र ने वृद्धजनों को

कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से दिलाई मुक्ति

मनोहर सरकार की ओर से प्रदेश में लाग किए गए परिवार पहचान पत्र ने प्रदेश के वृद्धजनों को पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार जिनकी उम्र 60 साल हो गई है और जिनकी पति-पत्नी की सालाना इनकम 3 लाख रुपए से कम हैं, उनका डेटा क्रीड की तरफ से ऑटोमेटिक तरीके से सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट को भेज दिया जाता है। परिवार पहचान पत्र में जैसे ही बुजुर्ग की उम्र 60 वर्ष होती हैं, उसी समय विभाग को क्रीड की ओर से सूचना मिल जाती है। इसके बाद विभाग संबंधित लाभार्थी के पास जाकर उसकी सहमति लेता है, यदि वह सहमति देता है तो उसके बाद पेंशन शुरू कर दी जाती है। उन्होंने बुजुर्गों से आह्वान किया कि वे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए किसी भी विभागों के कार्यालय में चक्कर ना लगाएं। इस सम्मान भत्ता के पात्र होते ही विभाग के कर्मचारी स्वयं आपके पास आएंगे।

दिव्यांगजनों को भी मिल रहा ऑटोमेटेड पेंशन योजना का लाभ

दिव्यांगों को पेंशन बनवाने के लिए समाज कल्याण विभाग कार्यालय के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। अब उनकी घर बैठे ही पेंशन बनाई जा रही है। दिव्यांगों की सहुलियत को देखते हुए उन्हें भी बुजुर्गों की तरह प्रो एक्टिव योजना में शामिल कर दिया है। सरकार की ओर से दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को ऑटोमेटेड पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। परिवार सूचना डेटा में 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग के रूप में सत्यापित दिव्यांगों के प्रासंगिक डेटा को हर महीने हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किया जाता है। सत्यापन के बाद पात्र पाए गए ऐसे सभी दिव्यांगजनों का डेटा योजना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार सेवा विभाग के साथ साझा किया जाता है। सेवा विभाग के जिला अधिकारी पेंशन शुरू करने के लिए इन नागरिकों की सहमति लेने के लिए उनके पास जाते हैं और सहमति प्रदान करने वाले सभी दिव्यांगजनों की अगले महीने से पेंशन शुरू कर दी जाती है।

जगत गुरू शंकराचार्य की बाल भवन में धर्मसभा आज

सभा से पूर्व शहर में निकाली जाएगी शोभा यात्रा

भरोसा मित्र ब्यूरो

सर्कुलर रोड़ स्थित मॉल में प्रैस वार्ता का संबोधित करते हुए आयोजन समिति के सदस्य।

रेवाड़ी। स्थानीय सर्कुलर रोड़ स्थित मॉल में परम पूज्य शंकराचार्य धर्म सभा आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 29 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 जी का आगमन राधा कृष्ण मंदिर मॉडल टाउन में होगा। जहां पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उसके पश्चात दोपहर डेढ बजे एक कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो राधाकृष्ण मंदिर मॉडल टाउन से शुरू होकर शास्त्री चौक,गांधी चौक तथा शिव चौक होते हुए बाल भवन आयोजन स्थल पर पहुंचेगी।

पत्रकरों से रुबरु होते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बाल भवन में दोपहर 2.30 बजे से सांय 5 बजे तक धर्मसभा एवं प्रवचन कार्यक्रम पूजनीय शंकराचार्य द्वारा होगा। उसके उपरांत बाल भवन में ही भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि उक्त धर्मसभा व प्रवचन कार्यक्रम में बढ-चढ कर भाग ले। आयोजन समिति ने बताया कि 30 अक्टूबर को प्रात- 6.30 बजे से 7.30 बजे तक टीपी स्कीम में गुरू दीक्षा का कार्यक्रम भी रखा गया है। जो भी धर्म प्रेमी गुरूजी से दीक्षा लेना चाहते है वे लोग भी समिति के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते है। बद्रीनाथ से पधारे स्वामी के अति विशेष शिष्य संजय मिश्रा ने बताया कि पूजनीय शंकराचार्य के दर्शन मात्र से ही सभी पाप नष्ट हो जाते है। आयोजन समिति में डा. अरविन्द यादव, बृजलाल गोयल, त्रिलोक शर्मा, रिपुदमन गुप्ता, विजय बबल, दिनेश गोयल, विनयशील गोयल, मुकेश कुमार, एमपी गोयल, नरेश मित्तल, सुनील ग्रोवर, राधेश्याम मित्तल, राजेन्द्र सिंघल पार्षद, रत्नेश बंसल, अमित गुप्ता, कपिल कसेरा, पार्षद दीपक पाल्हावासिया, चरत अग्रवाल, नरेश पंडित, विवेक भार्गव, हितेश, अनिल मित्तल, मनीष गुप्ता, अरूण गुप्ता, मुकेश एडवोकेट, नवीन सिंघल, पुरूषोतम दास, सोनू अग्रवाल, नेहा शर्मा, रूचिका नागपाल, दिनेश गुप्ता व अनुराधा यादव मुख्य रूप से सदस्य है।

29 page 7_02.qxd 10/28/2023 9:58 PM Page 1

खबर फटाफट

महर्षि वाल्मीकि ने आपसी भेदभाव और मतभेद से दूर रहने का संदेश दिया: राकेश तंवर

फरीदाबाद। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तंवर पृथला ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन प्रभु श्रीराम की भक्ति में व्यतीत हुआ। उन्होंने कहा कि कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के उपदेश सिर्फ सुनने के लिए नहीं हैं बल्कि उनको जीवन में ढालकर बच्चों व युवाओं को संत महात्माओं के जीवन दर्शन को आत्मसात करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलना चाहिए। श्री तंवर शनिवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव बघौला में आयोजित वाल्मीकि जयंति समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई जबकि उपस्थित लोगों द्वारा मुख्यअतिथि राकेश तंवर का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश तंवर पृथला ने कहा कि सृष्टि रचयिता भगवान वाल्मीकि के सिद्धातों पर चलने के साथ-साथ रामायण की रचना कर आपसी भेदभाव और मतभेद से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सांसद राहुल गांधी आज सही मायनों में भगवान वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलते हुए देश में आपसी भाईचारा कायम करने की बात पर बल दे रही हैं। राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा ने भी देश में भाईचारा कायम करने व आपसी प्रेम-प्यार व मोहब्बत को बढाओ का संदेश दिया है। इसी को अपना आधार मान कांग्रेस पार्टी भाईचारे को बढावा देते हुए लोगों को जोड रही है जबकि भाजपा नफरत व जातिवाद व धर्म का जहर घोल राजनैतिक रोटियां सेंक रही है। लेकिन देश-प्रदेश की जनता अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। इस अवसर पर मांगेराम प्रधान, दलीप भावुक, शेखर, हरी सिंह, सुनील कुमार, रविंदर, अमर सिंह, बंसीलाल, डॉक्टर धर्मवीर, गिर्राज सिंह, धर्मपाल चौहान, कपिल चंदेला, अनंगपाल चौहान, घनश्याम वशिष्ठ,अभय फौजी, नरेंद्र नंबरदार कमल बिजेंद्र एडवोकेट व समता चेरिटेबल ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

दीया डागर व परी खुटेला ने कांस्य पदक तथा अंजलि ओलिहान ने किया रजत पदक प्राप्त

फरीदाबाद। बंसी विद्या निकेतन के चेयरमैन एडवोकेट नारायण सिंह डागर ने कहा कि हमारे विद्यालय के बारह छात्र व छात्राओं ने दोहरा जिला लुधियाना पंजाब में आयोजित नार्थ जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 में भाग लिया, जिसमें परी डागर, राशि, दीया डागर, परी खुटेला , संतोष झाखड़, सक्षम, लोवेश, यश, हितेश, वर्षा, अंजलि, धीरज ने हिस्सा लिया । इस प्रतियोगिता में दीया डागर व परी खुटेला ने कांस्य पदक तथा अंजलि ओलिहान ने रजत पदक प्राप्त किया । श्री नारायण डागर व डॉ. चेतना डागर जी व प्रिंसिपल राजवीर गौड़ जी ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में खेल के क्षेत्र में और बुलंदियों को छूने का हौसला बढ़ाया । बच्चों को फूलमालाओं व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया । घुघेरा पलवल गौरवान्वित महसूस करते हुए यह साँझा करता है कि विद्यालय के चेयरमैन श्री. नारायण डागर जी व डॉ. चेतना डागर जी व प्रिंसिपल राजवीर गौड़ जी ने विद्यार्थियों को बधाई दी इसी श्रृंखला में लवेश खुटेला ने स्कूल स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। स्कूल डायरेक्टर डॉ. चेतना डागर व प्रिंसिपल राजवीर गौड़ ने अभिभावकों, कोच व बच्चों का धन्यवाद किया व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

तीनों विधायकों ने प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार की गिनाई उपलब्धियां

भय मुक्त होकर निकले प्रदेशवासियों के नौ साल

नौ वर्षों में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को किया लाभान्वित, विकास की नहीं छोड़ी कोर कसर: दीपक मंगला

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपने 9 वर्ष के सफलतम कार्यकाल के दौरान अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को लाभान्वित किया। इसके साथ-साथ लोगों की सुख-सुविधा के मद्देनजर विकास कार्यों में भी किसी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोडी। विधायक दीपक मंगला शनिवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग (भवन एवं मार्ग) के विश्राम गृह के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ विधायक प्रवीण डागर, विधायक जगदीश नायर, बीजेपी जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, हरेंद्रपाल राणा, पवन अग्रवाल,एलडी वर्मा,हरेंद्र तेवतिया,बीरपाल दीक्षित,बिरेंद्र शर्मा, योगेंद्र सहरावत, मोहित गोयल, महेंद्र भड़ाना ,प्रवीण ग्रोवर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।विधायक दीपक मंगला ने भाजपा सरकार के 9 साल के कार्यकाल की सभी उपलब्धियों को एक-एक करके गिनाया। इस मौके पर उन्होंने सभी को महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती की हार्दिक बधाई दी। विधायक ने कहा कि मनोहर सरकार ने वर्ष 2014 में प्रदेश में अपनी बागडोर संभाली। उस समय प्रदेश में निराशा व अविश्वास का वातावरण था, लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विकास से हर एक प्रदेशवासी के मन में सरकार के प्रति विश्वास को जागृत किया। आज के समय में पूरे प्रदेश में चहुमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। कोरोना जैसे व्यवधानों में भी सरकार के विकास का पहिया नहीं रूका। आज प्रदेश में रह रहे गरीब तबके के परिवारों को लगभग 397 योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाया जा रहा है। हरियाणा राज्य के विकास की गति को देखकर आज देश के दूसरे राज्य भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा सामाजिक सुरक्षा पैंशन आज हरियाणा प्रदान कर रहा है। सीएम मनोहर लाल ने बीपीएल परिवार की आमदनी को बढाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपए तक है ऐसे परिवारों को बीपीएल श्रेणी में रखा गया है। बेटियों की शादी के शुभावसर पर 71 हजार रुपए की राशि कन्यादान स्वरूप सरकार की ओर से दी जाती है। प्रदेश में आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों की लगभग 2 लाख 30 हजार लड़कियों को उनके जन्म पर 21 हजार रुपए की राशि प्रति कन्या के हिसाब से प्रदान की गई। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 51 हजार से ज्यादा रेहडी-फडी वाले व्यक्तियों को 10 हजार रुपए तक का ऋण बिना ब्याज दिया गया।

युवाओं को बिना पर्ची, खर्ची के दी नौकरियां

युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिल रही है। प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत प्रदेश में 35 हजार से अधिक लोगों को अपना घर मिला है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के सकारात्मक प्रभाव सामने आ रहे हैं। इसी के परिणाम है कि आज प्रदेश का लिंगानुपात 932 तक पहुंच गया है। डीबीटी के माध्यम से करीब 12 लाख किसानों के खाते में फसल खरीद की राशि वितरित की गई। राज्य 14 फसलों को एमएसपी पर खरीद करने वाला प्रथम राज्य बन गया है। प्राकृतिक आपदा से फसल खराब होने की स्थिति में इन 9 वर्षों में सरकार ने 11 हजार करोड़ रुपए की मुआवजा राशि वितरित की। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल किसानों की अधिक चिंता करते है। इसी उद्देश्य से दक्षिण हरियाणा के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए टेल तक पानी पहुंचाया गया है। विधायक ने कहा कि आयुष्मान चिरायु योजना से पांच लाख रुपए तक का सालान निशुल्क ईलाज, प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत 25 लाख से अधिक परिवारों को लाल डोरे के अंदर मलिकाना हक, 31 लाख परिवारों को हर घर नल से पीने का स्वच्छ जल, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण, कनैक्टिविटी को बेहतर करने के लिए सड ों का जाल बिछाकर नेशनल हाईवे से मुख्य सड ों को जोड़ा, सीएम विंडो के माध्यम से अब तक करीब 11 लाख शिकायतों का समाधान किया गया।

पुलिस सहायता के लिए आपातकालीन सेवा 112 शुरू की

मुख्यमंत्री सीएम विंडो पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों की समीक्षा करते है। पुलिस सहायता के लिए आपातकालीन सेवा 112 शुरू की गई, जिससे कुछ ही मिनटों में एक्शन लेकर पुलिस मौके पर पहुंचती है। गरीब परिवारों को निशुल्क घरेलु गैस कनेक्शन प्रदान किए, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 27 लाख से अधिक परिवारों को प्रदेश में मुफ्त राशन वितरण, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाकर 14 हजार तथा चौकीदारों का मानदेय 11 हजार किया। प्रदेश की करीब 2547 अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की दिशा में प्रक्रिया जारी है। शहरी स्वामित्व योजना के अंतर्गत 20 साल से अधिक समय से नगर परिषद व नगर पालिका की दुकानों और मकानों पर काबिज व्यक्तियों को मलकियत दी गई।

देश की पहली स्किल यूनिवर्सिटी पलवल में स्थापित हुई

उन्होंने कहा कि देश की पहली स्किल यूनिवर्सिटी पलवल के गांव दूधौला में स्थापित की गई। सड़क व रेल मार्ग के मामले में पलवल जिला की कनैक्टिविटी अन्य शहरों की मुकाबले अधिक बेहतर हुई है। इसके अतिरिक्त जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण से पलवल जिला की हवाई मार्ग की दृष्टि से कनैक्टिविटी मजबूत होगी।
विधायक दीपक मंगला ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश से भय व आतंक को दूर करके एक बड़ा परिवर्तन लाने का कार्य किया है। आज लोग सरकार के पक्ष में बोल कर अपनी बात रख सकते हैं।

साढ़े पांच करोड़ की धनराशि से बनेंगी 17 किलोमीटर लम्बी सड़क: मूलचंद शर्मा

कैबिनेट मंत्री ने दिया बल्लभगढ़ वासियों को दीपावली पर विकास कार्यों एक और तोहफा

सेक्टर वासियों ने ढोल बाजे के साथ किया मंत्री का स्वागत

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शनिवार को स्थानीय सेक्टर-65 निवासियों को दीपावली पर्व की विभिन्न सडे ों के निर्माण कार्य की सौगात दी है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी सड़कें जिनमे 36 गज, 100 गज, 160 गज, 250 गज,350 गज,500 गज और सभी सोसायटी की सडे ों के नवीनीकरण के विकास कार्य करवाए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने विकास कार्यों का शुभारंभ स्थानीय लोगों से नारियल तुड़वाकर किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सभी सडे ों के निर्माण कार्य पर करीब 5 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत आएगी और सभी सड़कों की कुल लंबाई करीब 17 किलोमीटर लंबी होगी। मूलचंद शर्मा ने कहा कि कोई भी कमी बल्लभगढ़ के विकास में नहीं छोड़ी जाएगी। बल्लभगढ़ के विकास के लिए उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और फरीदाबाद के लोकप्रिय सांसद श्री कृष्ण पाल गुर्जर का भी आभार जताते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले वाले बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुए।

यह करवाए जा रहे हैं विकास कार्य

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की चहुमुखी विकास किसी से छुपा हुआ नहीं है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, सीवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्यीकरण, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिग टाइलों से गलियां बनाने और एलईडी दूधिया रोशनी की लाइटिंग सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।

ये लोग रहे मौजूद

इस मौके पर सेक्टर 65 आरडब्ल्यूए के प्रधान ज्ञानचंद कौशिक, देवेंद्र अत्री, टिपर चंद शर्मा, कर्नल गोपाल, योगेश शर्मा, हर प्रसाद गोड, राकेश गुर्जर, लखन बैनीवाल, संदीप शर्मा, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, रणवीर रावत, उदयवीर गिल, तुलाराम शास्त्री, विंग कमांडर हरिचंद मान, आनंदपाल राठी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भगवान वाल्मीकि किसी एक वर्ग के लिए न होकर, संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय हैं : सुरेंद्र वशिष्ठ

बसपा नेता एवं प्रदेश सचिव ने भगवान महर्षि वाल्मीकि को किया नमन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस शनिवार को पृथला विधानसभा के गांव बघौला, कटेसरा समेत कई गांवों में श्रद्धापूर्ण भाव से मनाया गया। इस मौके पर कहीं यज्ञ हवन का आयोजन किया गया तो कहीं पर झांकी निकालकर प्रसाद वितरण किया गया। बसपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ ने बतौर मुख्यअतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। बघौला में भारत सर्व समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रागंण में हवन किया। इस दौरान भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर आयोजित हवन यज्ञ में गणमान्य लोगों ने आहुति डाली।इसके बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मांगे राम, दलीप सिंह, मोहन शर्मा समेत कई लोगों ने अहम भूमिका निभाई। इसी तरह कटेसरा में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर बसपा के पृथला विधानसभा अध्यक्ष सुबेदार इंद्रसैन भारद्वाज, सरपंच गजराज, पूर्व सरपंच राजेश, लोकेश, मोहन शर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सुंदर सुंदर झांकियां भी निकाली गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि सुरेंद्र वशिष्ठ ने महर्षि वाल्मीकि को माल्यार्पण करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए रामायण के माध्यम से जीवन दर्शन दिया है। जिससे समाज को नई सोच व नई दिशा मिलती है। भगवान वाल्मीकि किसी एक वर्ग के लिए न होकर, संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय हैं।

आदि और कवि के मेल से बना आदिकवि शब्द

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर नमन किया और कहा कि महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि वह प्रथम कवि थे जिन्होंने प्रथम श्लोक की खोज की। महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि कहा जाता है। आदिकवि शब्द आदि और कवि के मेल से बना है। आदि का अर्थ होता है प्रथम और कवि का अर्थ होता है काव्य का रचयिता। वाल्मीकि ऋषि ने संस्कृत के प्रथम महाकाव्य रामायण की रचना की थी।महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित पावन ग्रंथ रामायण में प्रेम, त्याग, तप व यश की भावनाओं को महत्व दिया गया है। वाल्मीकि ने रामायण की रचना करके हर किसी को सदमार्ग पर चलने की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन दर्शन यह प्रेरणा देता है कि सच्चाई के रास्ते पर चलकर ही मानव महापुरुष बन सकता है। महर्षि वाल्मीकि का प्रकट दिवस हर प्रकार के पाप, क्रोध, अहंकार, आलस्य, हिंसा, झूठ और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है।

अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित कर रही सरकार: विपुल गोयल

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। महाराजा अग्रसेन की 5147 वीं जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समिति बल्लभगढ़ द्वारा चावला कॉलोनी में स्थित अग्रसेन भवन में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल द्वारा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मोके पर विश्वप्रसिद्ध कवियों ने भी अपनी कविताएं पेश करके लोगों का महाराजा अग्रसेन के दिखाए मार्ग पर चलने का सन्देश देने का काम किया। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मंच से संबोधित करते हुए सबसे पहले आयोजनकर्ताओं को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई देते हुए कहा की हम सभी ऐसे क्षत्रिय राजा के वंशज है जिन्होंने हमारे वैश्य समाज को विश्व में पहचान देने का काम किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने जो पांच हजार साल पहले एक ईट और एक रुपया का समाजवादी सिद्धांत का संदेश उनके वैश्य समाज को दिया था आज भी समाज उसका पालन कर रहा है। इस मोके पर पूर्व मंत्री ने कहा की आज केंद्र व प्रदेश की मोदी- मनोहर सरकार भी महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतो पर चलने वाली सरकार है जो अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी लाभान्वित करने के उद्देश्य से काम कर रही है। इस अवसर पर पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम में पहुंचकर सबसे पहले महाराजा अग्रसेन के सामने दीप प्रज्वलित करके माथा टेका क्षेत्र व प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए सभी के उन्नति की कामना की। इस मोके पर आयोजनकर्ताओं ने पूर्व मंत्री कों फूल मालाओं के साथ साथ मोमेंटो भेंट कर सम्मानित भी किया व कार्यक्रम में आने पर आभार जताया। इस मोके पर स्थानीय विधायक नरेंद्र गुप्ता, टिपरचंद शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता, भगवान दास गोयल, कैलाश चंद, विशन चंद बंसल, मुकेश अग्रवाल, बिजेंद्र बंसल, रमेश अग्रवाल, नरेश गोयल, वेद बंसल, मनमोहन गर्ग, ललित गोयल, व तमाम अग्रसमाज के सैकड़ो लोग मौजूद थे।

महर्षि वाल्मीकि के जीवन से बहुत कुछ सीखने लायक : सुभाष कौशिक

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पांच नंबर स्थित भगत सिंह कॉलोनी में भगवान वाल्मीकि जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जहां धूमधाम से वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजेश ढकोलिया व जितेन्द्र ढकोलिया ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता सुभाष कौशिक कार्यक्रम में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन की घटनाओं के माध्यम से हमें जीवन में अनुशासन और जीवन जीने के तरीके के बारे में बताया है। सुभाष कौशिक ने कहा कि भारत हमेशा से ही महान और विद्वानों का देश रहा है। महर्षि वाल्मीकि हमारे देश के महानतम लोगों में से एक थे। भगवान वाल्मीकि ने रामायण की रचना की। जिससे प्रभु श्रीराम का जीवन दर्शन होता है। महर्षि वाल्मीकि न केवल सतयुग के एक महान ऋषि थे। बल्कि वह हमारे देश के सबसे पहले कवि हैं। उत्तर कांड मे अपनी प्रमुख भूमिका के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। सुभाष कौशिक ने कहा कि आदिकवि वाल्मीकि के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। पूरी दुनिया के लिए यह एक उदाहरण है की अपने जन्म से नहीं। बल्कि कर्म से कोई कुछ भी बन सकता है।



मुलाकात — एक्सप्रेसवे पर उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक

15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन: टेकचंद

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना में उतार-चढ़ाव बनवाने की मांग को लेकर हरियाणा के पूर्व मंत्री विपुल गोयल व पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा ने धरना कमेटी के सदस्यों के साथ केंद्रीय सडे राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या से अवगत करवाया। पूर्वमंत्री विपुल गोयल व पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी जी को बताया कि उक्त एक्सप्रेसवे पर इलाके के लिए कट न होने के कारण लोगों को नुकसान व परेशानियों पेश आ रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने मोहना में धरना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे के लिए जब जमीन एक्वायर की जा रही थी, तभी भी अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि यहां से उन्हें उतार चढ़ाव दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ वहीं 3 मई, 2022 को जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल पन्हेड़ा में आए थे तो उन्होंने घोषणा की थी कि ग्रामीणों को ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना पर कट दिया जाएगा, लेकिन आज तक यह कट नहीं दिया गया, जबकि यूपी के फलैदा गांव में यह कट दिया गया है। पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने बताया कि ग्रीन एक्सप्रेसवे का 24 किलोमीटर हिस्सा हरियाणा में पड़ता है, उसमें कोई कट नहीं है, जबकि उत्तरप्रदेश के सात किलोमीटर दायर में कट दे दिया गया है। इस कट से हरियाणा के लोगों को कोई फायदा नहीं मिलेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जिस प्रकार दिल्ली एयरपोर्ट से मानेसर क्षेत्र विकसित हुआ, जबकि जेवर एयरपोर्ट का फायदा यहां के सैकड़ों ग्रामीणों को मोहना में कट दिए जाने के बाद ही मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 15 दिन के अंदर अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जितना भी बड़ा संघर्ष क्यों न करना पड़े व लोगों के साथ मिलकर करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की घोषणा को जानबूझकर यूपी में ले जाया गया है। पूर्वमंत्री व पूर्व विधायक सहित सरदारी की बात सुनने के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तुरंत एनएचआईए अधिकारियों को इस मामले में फिजिकल रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए और आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की समस्या का जल्द ही समाधान किया जाएगा। वहीं चार महीने पहले बाघौला में शुरू हुए पुल निर्माण कार्य बंद होने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आदेश पर काट्रैक्टर को नोटिस दिया गया कि अगर दस दिन में काम चालू नहीं किया गया तो उसका ठेका कैंसिल कर दिया जाएगा। इस अवसर पर मोहना के पूर्व सरपंच किशन सिंह, पूर्व सरपंच अटेरना अख्तर, वीरेंद्र अत्री मोहना सहित गणमान्य सरदारी मौजूद रही।

केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलते हुए हरियाणा के पूर्व मंत्री विपुल गोयल व पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक पंडित टेकचंद शर्मा।

29 page 8_02.qxd 10/28/2023 9:24 PM Page 1

खबर फटाफट

कंबाइन की टक्कर से बाप-बेटी की मौत, पत्नी घायल

जींद : नरवाना क्षेत्र में गांव रसीदां से गुलाडी रोड पर शुक्रवार रात कंबाइन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। इससे उस पर सवार बाप-बेटी की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल महिला को टोहाना के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कंबाइन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बताया गया कि बलविंदर अपनी पत्नी रेखा व चार साल की बेटी दिव्या के साथ पंजाब के अनदाना में बुआ के यहां पोता होने की खुशी में आयोजित कार्यक्रम में गया हुआ था। शुक्रवार देर शाम को तीनों अपनी रिश्तेदारी में गांव गुलाडी पहुंचे, फिर बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान गुलाडी से रसीदां रोड पर कंबाइन ने बाइक को टक्कर मार दी।

रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक गिरफ्तार

कैथल : शुक्रवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश को पुलिस ने काबू कर लिया। अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए रोहतक एसटीएफ और सीआईए की टीम दबिश दे रही है। रोहतक के गांव सांघी में गोलीबारी की कई वारदात को अंजाम दे चुके दो बदमाश कृष्ण और सागर को पकड़ने के लिए रोहतक की एसटीएफ टीम करोड़ा गांव पहुंची थी। उसे देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक बदमाश को पकड़, लेकिन हेड कांस्टेबल इस मुठभेड़ में घायल हो गया। गत बुधवार को ही गांव के विक्रम पर गोली चलाने का केस दर्ज हुआ था। कृष्ण और सागर पर रोहतक पुलिस ने इनाम घोषित कर किया हुआ है।

जब सड़क पर दिखा 10 फुट लंबा अजगर, थम गए वाहन

पंचकूला : शहर में 10 फुट का अजगर सड़क पर आने से सेक्टर 24-25 में वाहन रुक गए। वाहन चालकों ने जोर-जोर से हॉर्न देने शुरू कर दिए, लेकिन भारी-भरकम अजगर पर इसका कोई असर नहीं पड़ा वह आराम से सड़क पर करके दूसरी ओर चला गया। जब तक अलगर नहीं निकल वहां ट्रैफिक जाम हो गया। वन विभाग के अनुसार चूंकि मौसम में ठंडा हो रहा है इसलिए अजगर धूप का आनंद उठाने से जंगल से बाहर आ जाते हैं। ये आम तौर पर मुर्गे-मुर्गियों और बकरों को अपना भोजन बनाते हैं। वन विभाग को आम जन को इनसे सतर्क रहने के लिए कहा है।

कार की टक्कर से मां-बेटे की मौत

रोहतक: गांव बहु अकबरपुर के पास हादसे में मोटरसाइकिल सवार मां-बेटे की मौत हो गई। बताया गया कि युवक अपनी मां को साथ लेकर दोस्त के घर गांव मोखरा जा रहा था। रास्ते में कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्हें रोहतक के निजी अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर रही है। बता दें वे सोनीपत के गांव धनाना रहने वाले थे।

निरंकारी श्रद्धालुओं से भरा ऑटो ट्रक से टकराया,4 महिलाएं घायल

पानीपत : समालखा में आयोजित निरंकारी संत समागम में उत्तर प्रदेश से पहुंचे श्रद्धालु जब गेट के बाहर पहुंचे तो जिस ऑटो में सवार थे उसकी ट्रक की टक्कर हो गई। इससे उसमें सवार चार महिला श्रद्धालुओं को गंभीर चोटें आई। घायलों को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया।ये श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से ऑटो में सवार होकर निरंकारी संत समागम में आए थे। हादसे के बाद आसपास में मौजूद श्रद्धालुओं ने उन्हें संभाला और इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया। पुलिस ने सूचना मिलते ही कार्रवाई शुरू की।

रिश्वत के मामले में दो अधिकारी जेल भेजे गए

अंबाला : एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा रिश्वत लेती गिरफ्तार की गई एएसआई कुलविंदर कौर और एचसी गीता को आज कोर्ट में पेश किया गया। वहां से इन्हें अंबाला सेंट्रल जेल भेज दिया है। दोनों शहजादपुर थाने में तैनात थी। दोनों ने जमीनी विवाद से जुड़े मुकदमे में 10 हजार रुपए की रिश्वत ली थी। ब्यूरो ने दोनों आरोपियों से 10 हजार रुपए रिश्वत को बरामद की। एसपी जश्नदीप सिंह रंधावा ने दोनों महिला पुलिस कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। माजरा शहजादपुर निवासी राजकुमारी का शिव कुमार के साथ जमीन को लेकर विवाद चला हुआ था। आरोप था कि शिव कुमार ने राजकुमारी की 15 मरले जमीन पर कब्जा किया हुआ था, जिसकी शिकायत ब्यूरो को सौंपी गई थी। मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है और राजकुमारी को स्टे मिला हुआ है, लेकिन शिव कुमार ने 1 अक्टूबर को नींव खोद दी थी।राजकुमारी द्वारा पुलिस को इसकी शिकायत सौंपने पर जांच अधिकारी कुलविंदर और गीता ने दोनों पक्षों का समझौता होने के बावजूद 10 हजार रुपए डिमांड की थी

पशु चोर गिरोह के तीन सदस्य पकड़े

रोहतक : सांपला की पुलिस टीम ने पशु चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए इसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उनसे पशु चोरी की दो वारदातों का खुलासा भी हुआ। आरोपियों को अदालत के आदेश पर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सांपला थाना प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि गांव दतौड़ निवासी रोहताश ने शिकायत के आधार मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 21 अगस्त की रात करीब दो बजे रोहताश ने उठकर देखा तो उसकी दो भैंसे व एक कटरा नहीं मिला। गेट का ताला भी टूटा हुआ मिला। रोहताश के पड़ोसी ऋषिराम की एक भैस, एक गाय व एक बछिया नहीं मिली। अज्ञात युवक रात के समय ताला तोड़कर घेर से पशु चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 7 अप्रैल गांव कुलताना से चार भैंसे व एक कटिया चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकार्ड भी रहा है। नके खिलाफ थाना आसौदा झज्जर मे हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज है।

न्यू रेलवे ऑडिटोरियम में रोजगार मेले का शुभारंभ

आजादी के सौवें वर्ष में भारत बनेगा विश्व गुरु : राव इंद्रजीत

केंद्रीय मंत्री ने अंबाला में 200 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य के अनुसार, 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है

भरोसा मित्र

अंबाला। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि युवाओं की जिम्मेवारी अहम है, क्योंकि देश के नवनिर्माण में उनका योगदान अहम रहेगा। सबसे पहले हमें देश के लिए सोचना होगा, परिवार के लिए बाद में। इसी सोच के साथ जब हम कार्य करेंगे तो हम निसंदेह जब हम आजादी के 100वें वर्ष में प्रवेश करेंगे तो भारत विश्वगुरु बनेगा। हम सबको मिलकर भारत के झंडे के नीचे काम करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर अग्रसर करना है।

वह शनिवार को न्यू रेलवे ऑडिटोरियम में रोजगार मेले का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने चयनित 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य के अनुसार, 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है और इसके तहत अभी तक रोजगार मेलों के माध्यम से 5 लाख 95 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए हैं। उनका राजनैतिक सफर काफी लंबा है, उन्होंने विभिन्न पार्टियों का कार्यकाल देखा है, लेकिन भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जिसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा जाता है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें देश के इतिहास पर भी नजर दौड़ाएं तो यह बहुत पुराना है,। आजादी से पहले सैकड़ों वर्ष अंग्रेजों की हमने गुलामी झेली। आठवीं शताब्दी से लेकर 17वीं, 18वीं शताब्दी तक यानी एक हजार साल तक भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था 24 फीसदी से 27 फीसदी रही है, एक चौथाई हिस्सा का योगदान विश्व को भारत देता था, लेकिन जब देश आजाद हुआ तो यह आर्थिक अर्थव्यवस्था 25 फीसदी से गिरकर 3 प्रतिशत रह गई।

भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 5वें नंबर पर

राव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक अर्थव्यवस्था बढ़ी है। जिस देश में पहले सुई पैदा नहीं होती थी, आज अंतरिक्ष में सेटेलाइट भेजने का काम किया जा रहा है। 2014 के अंदर जब देश के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना तो उस समय विश्व के मुकाबले भारत की आर्थिक अर्थव्यवस्था के मामले में 10वें नम्बर पर था, लेकिन आज हम अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में 5वें नंबर पर है। आने वाले पांच वर्षों में हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे।

कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन : फणीन्द्र नाथ

पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया

भरोसा मित्र

रेवाड़ी।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा बड़ा संगठन बनने का गौरव हासिल कर पाया है। आने वाले समय चुनावों का है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन और मजबूत बनाते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें।

भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने की। इस मौके पर जिला प्रभारी मुकेश गौड, प्रदेश प्रवक्ता वन्दना पोपली, पीपीपी कोर्डिनेटर सतीश खोला भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने प्रदेश संगठन मंत्री को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

जिला प्रभारी मुकेश गौड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने अपने 9 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश सरकार में चहुंओर विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों से भी वार्ता की। जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी योजनाओं का डिजिटलाइजेशन किया है। जिससे लोगों को सरकारी दफतरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। वे स्वयं अपने घर से या अपने गांव में स्थापित सीएससी सैंटर से उन योजनाओं के लिए आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि लोगों को भाजपा सरकार से उम्मीदें है जो 70 सालों से अटके हुए कार्य है वो सिर्फ सरकार ही पूरे कर सकती है। प्रदेश प्रवक्ता वन्दना पोपली ने कहा कि मुख्यमंत्री जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनते हैं।वर्षों से चली आ रही समस्याएं इसी सरकार ने दूर की हैं।

कौन-कौन रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री विक्रम सिंह ठेकेदार, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामपाल यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हुकमचन्द यादव, सिंहराम महलावत, जिला महामंत्री सत्यदेव यादव व ईश्वर चनीजा, सुनील ग्रोवर, भूपेन्द्र गुप्ता, अजय कांटीवाल, डा. सुभाष, कुलदीप चौहान, एडवोकेट नितेश अग्रवाल, राममेहर यादव, दीपक मंगला, बाबूलाल छावड़ी, मनोज सैनी, डा. कविता गुप्ता, जयवीर योगी, रामसिंह सामरिया, मुबीन खान, कमल यादव, अभिमन्यु राव, संजय चौहानए एडवोकेट, नरेश यादव सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एकजुट हों, लोगों को पार्टी से जोड़ें

फणीन्द्र नाथ शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों, मंडल के पालकों, शक्ति केन्द्र प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए आगामी चुनाव पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के लिए एकजुट होने व संगठन की रीति व नीति को घर-घर पहुंचाने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है और कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन चुका है। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें।

सरकार ने योग्यता के आधार पर नौकरियां दीं : शर्मा

भरोसा मित्र

रोहतक। भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुड्डा परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने पर्ची-खर्ची को लेकर कहा कि भाजपा ने पारदर्शिता के साथ नौकरियां दी है, जबकि हुड्डा कार्यकर्ताओं को नौकरी देने की बात कर रहे हैं।

ग्रुप-डी पेपर लीक को लेकर सवाल पूछा गया तो सांसद ने एजेंसियों को जिम्मेवार ठहराया। हरियाणा में बाहरी युवाओं को नौकरी देने के सवाल पर कहा कि नियमानुसार ही युवाओं को नौकरी मिली है। भाजपा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बदलने पर शर्मा ने कहा कि यह पार्टी की प्रक्रिया है। 3 साल के लिए अध्यक्ष होता है, उसके बाद चाहे तो पार्टी उसे पद को एक्सटेंड कर सकती है। ओमप्रकाश धनखड़ को प्रदेशाध्यक्ष से बदलकर राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। हो सकता है कि केंद्र में उनकी ज्यादा जरूरत होगी। हरियाणा में सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाने पर शर्मा ने कहा कि पार्टी का जो आदेश होगा, उसके अनुसार सभी कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। वे खुद भी पार्टी के आदेश अनुसार ही चुनाव लड़ेंगे। हालांकि उनकी रोहतक से चुनाव मैदान में उतरने की इच्छा है। दीपेंद्र हुड्डा के रोहतक से चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि बेरा पाटेगा जब सांप सा निकलेगा।

सारंगी वादक मामन खां ने किया रत्नावली महोत्सव का शुभारंभ

विजेताओं को 31 अक्टूबर को पुरस्कारों से किया जाएगा सम्मानित

भरोसा मित्र

कुरुक्षेत्र। शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राज्यस्तरीय रत्नावली महोत्सव का आगाज हुआ। इसमें इस बार छह मंचों पर 35 विधाओं में तीन हजार से ज्यादा कलाकार धूम मचाएंगे। ऑडिटोरियम हॉल में महोत्सव का शुभारंभ हरियाणवी वंदना और मुख्यातिथि राष्ट्रपति से सम्मानित सारंगी वादक मामन खां ने किया।

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि विधायक सुभाष सुधा और विशिष्ट अतिथि फिल्म अभिनेता जयदीप अहलावत और एसोसिएशन ऑफ हरियाणवी इन आस्ट्रेलिया के प्रधान सेवा सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की।

बता दें कि 31 अक्तूबर को होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच के सतीश और विशिष्ट अतिथि फिल्म अभिनेता गजेंद्र चौहान होंगे, जो विजेता विद्यार्थियों को प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में पुरस्कृत कर प्रोत्साहित करेंगे।

इन विधाओं पर थिरके कलाकार

28 अक्तूबर को हरियाणा के रीति-रिवाज, हरियाणवी लूर नृत्य, हरियाणवी पाप सांग और हरियाणवी कोरियोग्राफी हुई। 29 अक्तूबर को सोलो डांस महिला, हरियाणा के लोक परिधान, हरियाणवी फॉक आर्केस्ट्रा, हरियाणवी गजल होगा।

इस के बाद अगले दिन यानि 30 अक्तूबर को हरियाणवी फैशन शो, ग्रुप डांस रसिया, संगीत संध्या और 31 अक्तूबर को ग्रुप डांस हरियाणवी का आयोजन होगा और विजेता विद्यार्थियों को प्राइज दिए जाएंगे।

रोहताश बेदी को छत्तीसगढ़ चुनाव में प्रचार-प्रसार की मिली बड़ी जिम्मेदारी

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। पांच राज्यों में आगामी होने वाले चुनावों के दृष्टिगत कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए तैयारी में जुटी हुई है, उसी कड़ी में कांग्रेस आलाकमान की तरफ से छत्तीसगढ़ चुनाव में राजनीति के क्षेत्र में माहिर और तजुर्बेकार नेताओं की ड्यूटी लगाई जा रही है। कांग्रेस पार्टी में छत्तीसगढ़ राज्य की प्रभारी तथा कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा ने सोहना से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे रोहताश बेदी को अपनी टीम में अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

बता दें कि रोहताश बेदी को कांग्रेस पार्टी के संगठन में चौबीस साल का तजुर्बा है और कांग्रेस पार्टी संगठन की तरफ से वह करीबन 13 प्रदेशों में कई पदों पर काम कर चुके हैं। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में कई पद पर काम कर चुके रोहताश बेदी कई मामलों में चाणक्य साबित हुए हैं। बेदी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा कांग्रेस पार्टी में छत्तीसगढ़ की प्रभारी और कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अपने नेताओं की उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पुनः सरकार बनाने के लिए दिन-रात एक करके प्रचार करने का काम करेंगे और जीत सुनिश्चित करके ही वापसी आएंगे।

बाजरे के भाव जल्द 5000 प्रति क्विंटल होंगे : जयप्रकाश दलाल

अब देश की सेना को भी दक्षिण हरियाणा का बाजरा खाने को भेजा जाएगा

भरोसा मित्र

भिवानी। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार के बाद बाजरे का भाव 5 हजार रुपए प्रति क्विंटल हो जाएगा।उन्होंने कहा कि बाजरे को पहले गरीब आदमी का भोजन मानते थे। परंतु पीएम ने जी-20 सम्मेलन में कई राष्ट्र अध्यक्षों को बाजरे के व्यंजन खिलाए।अब सेना को भी बाजारा भेजने की तैयारी की जा रही है।

कृषि मंत्री शनिवार को यहां मीडिया से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। पूर्व की कांग्रेस सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाए। जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा में मनोहर सरकार के 9 साल शानदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन किया है। इससे बिना सिफारिश के लोगों के काम होने लगे हैं। उन्होंने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार पर निशाना साधा, कहा कि अब पहले की तरह किसी जिले के साथ भेदभाव नहीं होता। न ही जनता ने यह शिकायत की है। उन्होंने कहा कि पहले हर जिले में वहां के नेता के कद के हिसाब से काम होता था। मनोहर लाल ने हर जिले में समान विकास किया है। दलाल ने उम्मीद जताई कि जनता इस बार भी हमें आशीर्वाद देगी। दलाल ने बताया कि अब देश की सेना को भी दक्षिण हरियाणा का बाजरा खाने को भेजा जाएगा। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने के सवाल पर जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा संगठन वाली पार्टी है। इसमें दायित्व बदलते रहे हैं। बीजेपी में पन्ना प्रमुख से पीएम तक सभी एक समान कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के बयान पर पलटवार किया कि वे भारतीय जनता पार्टी नहीं, अपनी पार्टी की चिंता करें। किसी एक जिले का अध्यक्ष भी बना दें तो उनकी पहली उपलब्धि जानी जाएगी।अपने कार्यकाल ने उदयभान एक भी जिला अध्यक्ष नहीं बना पाएं हैं।



नौ साल का मनोहर काल, पेपर लीक गिरोह का अमृतकाल : सुरजेवाला

जाँच एजेंसियों ने बड़े-बड़े खुलासे किए मगर कुछ दिन बाद सब साफ हो गया

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने प्रदेश में लगातार भर्तियों में गड़बड़ी और पर्चे लीक होने की घटनाओं पर और 22 अक्टूबर को आयोजित ग्रुप डी की सीईटी परीक्षा का पर्चा लीक होने को लेकर खट्टर सरकार पर ज़ोरदार हमला बोला है।

उन्होंने सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल को 'भर्तियों के घोटालों का अमृतकाल' करार देते हुए सीएम को चुनौती दी कि यदि उनमें हिम्मत है तो वे सभी पेपर लीक कांडों पर श्वेत पत्र जारी कर दोषियों के नाम बताएं व बताएं की उन्हें क्या सजा दी।

सुरजेवाला ने कहा कि सरकार के नौ साल, प्रदेश का हर वर्ग बेहाल - युवा हुआ बेरोजगार और भर्ती आयोगों में बैठे दलाल माला-माल। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एसडीएम से लेकर चपड़ासी-चौकीदार तक हर स्तर की भर्तियों की मंडी चल रही है। खट्टर साहब के शासनकाल मे भर्तियों की शुचिता और मुख्यमंत्री के बयानों की विश्वसनीयता, दोनों खत्म हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री पारदर्शिता के जुमले उछालकर प्रदेश को गुमराह करते हैं और हर भर्ती घोटाले में दो-चार लोगों को बलि के बकरे बनाकर भर्ती आयोगों, पेपर कंडक्ट करने वाली एजेंसियों तथा सीएमओ से जुड़े लोगों को बचा लिया जाता है।

कांग्रेस महासचिव ने भर्ती घोटालों तथा पेपर लीक की घटनाओं पर लगाम लगा पाने में असफल रहने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से इस्तीफा मांगा। उन्होंने पूछा कि पेपर कंडक्ट करने वाली एजेंसीज के मालिकों के सत्ता में बैठे किन-किन सफ़ेदपोशों से संबंध हैं? प्रदेश में भर्तियों की ये मंडी उसी समय से चल रही है जब से खट्टर साहब का राज्याभिषेक हुआ है। इसका भंडाफोड़ सरकार के समय आयोजित पहली ही क्लर्कों की भर्ती परीक्षा के दौरान उसी समय हो गया था, जब पानीपत के एक भाजपा नेता के स्कूल से पर्चा लीक होने की खबरें आई।जाँच एजेंसियों ने बड़े-बड़े खुलासे किए और फिर सब साफ। कानूनी दांव पेंच और सरकारी मशीनरी के सहारे ये सरकार उस भर्ती को भी क्लीन चिट दिलवा गई और घोटालेबाजों को भी। उसके बाद हुई हर भर्ती की परीक्षा में धांधलियां हुई और पर्चे लीक होने की खबरें आई, लेकिन एक भी भर्ती घोटाले में कभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

छात्राओं से अश्लील हरकत करने के आरोपित प्राचार्य को निलंबित किया

जींद। उचाना के राजकीय स्कूल में छात्राओं से अश्लील हरकत करने के आरोपित प्राचार्य को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत मिलने पर शुक्रवार को स्कूल में शिक्षा विभाग की टीम जांच के लिए पहुंची थी। उसने स्टाफ और छात्राओं से अलग-अलग पूछताछ की थी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट निदेशालय भेजी थी। उसके बाद निदेशालय से प्राचार्य के निलंबन के निर्देश जारी हो गए हैं। बता दें कि यह अभी प्रारंभिक विभागीय जांच हुई है और अधिकारियों के स्तर पर भी जांच की जाएगी। प्राचार्य ने अपने कार्यालय पर काले शीशे का दरवाजा लगाया हुआ था। इसमें अंदर से बाहर की ओर साफ दिखता था। वह कार्यालय में छात्राओं को बुलाकर अश्लील बातें और हरकतें करता था। जब उसे लगता कि कोई आ रह है तो वह तुरंत किसी अन्य विषय पर बात करते लगता था। छात्राओं ने स्टाफ को भी इस घटनाक्रम के बारे में बताया था।करीब दो माह पहले प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम लिखे पत्र में छात्राओं का आरोप है कि स्टाफ ने उनका साथ देने की बजाय मामले को दबा दिया।

मिली राहत | अनुबंध पर रखे गए कर्मचारियों का दूसरे जिलों में हो सकेगा तबादला

एनएचएम कर्मियों के ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी

इसका फाइनल ड्राफ्ट प्राधिकरण के द्वारा कर्मचारियों के साथ भी साझा किया गया

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मनोहर लाल सरकार ने अनुबंध पर लगे एनएचएम कर्मियों सरकार ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के फाइनल ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है, राहत की बात यह है कि इसके बाद अब कर्मचारी जिले के अंदर और बाहर अपना ट्रांसफर करवा सकेंगे।

कब हो सकेगा ट्रांसफर

इस पॉलिसी के अनुसार जिले में ही ट्रांसफर लेने के लिए कर्मचारी को नौ माह की सेवाएं वर्तमान जिले में देनी जरूरी होंगी। यह तबादल साल में एक ही बार किए जाएंगे। पॉलिसी के तहत जिले के अंदर होने वाले ट्रांसफर जिले के बाहर जाने वाले कर्मचारियों के बाद जारी किए जाएंगे। ट्रांसफर किए जाने के दौरान कर्मचारियों की वरीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

बता दें कि यह पॉलिसी प्राधिकरण के अनुमोदन के बाद तैयार की गई है। इसका फाइनल ड्राफ्ट प्राधिकरण के द्वारा कर्मचारियों के साथ भी साझा किया है। सरकार के इस फैसले के बाद एनएचएम कर्मिचारियों को बड़ी राहत का अहसास हो रहा है।

फाइनल ड्राफ्ट में कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। पॉलिसी के तहत एनएचएम के तहत अनुबंध के तहत रखे गए सभी कर्मचारियों पर लागू होगी। इस ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ एचकेआरएनएल और एजेंसी के जरिए रखे गए कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी।

सबसे अहम बात यह है कि जिले के बाहर ट्रांसफर का लाभ उसी कर्मचारी को मिलेगा, जिसने वर्तमान जिले में कम से 2.5 साल तक अपनी सेवाएं पूरी कर ली हों।

कैसे बनेगी इसकी भूमिका

संस्था का मुखिया ही कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड को एचआईआरएस पर दर्ज करेगा। इसी के आधार पर कर्मचारियों के मेरिट के आधार पर प्वाइंट्स तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही पब्लिक इंट्रस्ट को देखते हुए संस्था का मुखिया किसी भी समय कर्मचारी का ट्रांसफर कर सकेगा। ट्रांसफर के समय कर्मचारियों को अधिक से अधिक चॉइस को भरना होगा, जिससे पहले ही दौर में उसका ट्रांसफर किया जा सके।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।